दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 99 जयपुर, सोमवार, 18 मार्च, 2024 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष- नवमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**अभी से तपने लगे धोरे:** 17 जिलों में पारा 30 डिग्री से ऊपर... फलोदी का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार

## प्रदेश में होली से पहले ही गर्मी दिखाने लगी अपने तेवर

**बेधड़क**। जयपुर

प्रदेश में होली नजदीक आने के साथ ही तापमान बढ़ने लगा है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, अगले दो से तीन दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना है।

इससे गर्मी का असर और तेज होने लगेगा। पश्चिमी हवा की वजह से प्रदेश के कुछ शहरों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस गिरावट आई है, लेकिन अब अगले 7 दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी के संकेत दिए हैं। प्रदेश के 12 शहर ऐसे हैं जहां का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया गया है। वहीं प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान अभी भी 34 डिग्री से ऊपर चला गया है।

### 22 तक मौसम शुष्क रहने की संभावना

वहीं अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान 30 डिग्री से ऊपर आ गया है। मौसम केंद्र जयपुर के मुताबिक अब प्रदेश में सर्दी का असर धीरे-धीरे कम होने लगेगा। वहीं तेज धूप के चलते दिन के तापमान में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने बताया है कि आगामी 4-5 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। अभी फिलहाल बादल और बारिश की संभावना नहीं बताई है। 22 मार्च तक प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।



### प्रदेश में फलोदी में रहा सबसे गर्म स्थान

जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस फलोदी और 35.5 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम तापमान 9.7 डिग्री सेल्सियस करौली और 10.2 डिग्री सेल्सियस हनुमानगढ़ में दर्ज किया गया। इसके साथ ही डूंगरपुर में 34.2 डिग्री सेल्सियस, जैसलमेर में 33.5 डिग्री सेल्सियस, जोधपुर में 32.5 डिग्री सेल्सियस, जयपुर में 30.7 डिग्री सेल्सियस, चित्तौड़गढ़ में 32 डिग्री सेल्सियस, उदयपुर में 31 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। वहीं पश्चिमी हवाओं की वजह से प्रदेश के करौली में 9.7 डिग्री सेल्सियस सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

### जरूरी खबर

#### BAP ने लोकसभा चुनाव के लिए उतारे अपने प्रत्याशी

**जयपुर**। लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है। मेवाड़-वागढ़ अंचल की भारतीय आदिवासी पार्टी ने अब प्रदेश समेत देश के 7 राज्यों में लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने डूंगरपुर-बांसवाड़ा, उदयपुर में लोकसभा और बागीदौरा में विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। बीएपी ने डूंगरपुर-बांसवाड़ा से चौरासी से विधायक राजकुमार रोत को टिकट दिया है, वहीं उदयपुर लोकसभा सीट से प्रकाश चंद्र बुझ को मैदान में उतारा है। इसके साथ बागीदौरा सीट पर विधानसभा उपचुनाव के लिए जय कृष्ण पटेल को टिकट दिया गया है।

#### अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम की काउंटिंग डेट बदली




**नई दिल्ली**। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम की मतगणना कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। इन दोनों राज्यों में 4 जून को नहीं, बल्कि 2 जून को वोटों की गिनती होगी। लोकसभा चुनाव के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश में 19 अप्रैल को एक चरण में विधानसभा चुनाव भी होंगे। आयोग ने कहा कि चूंकि दोनों विधानसभाओं का कार्यकाल 2 जून को समाप्त हो रहा है, इसलिए तारीख बदल दी गई है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कार्यक्रम के संबंध में कोई बदलाव नहीं होगा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**प्रधानमंत्री ने मंत्रियों को दिया टास्क...**

## मोदी ने अभी से मांगा नई सरकार का एक्शन प्लान

### अगले 5 साल का रोडमैप तैयार करने को कहा

**एजेंसी**। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने मंत्रियों से नई सरकार के अगले 100 दिन का एजेंडा तक पूछ लिया है। कैबिनेट मीटिंग में प्रधानमंत्री ने मंत्रियों और नेताओं को अगले 5 साल के लिए रोडमैप तैयार करने के लिए कहा है। उन्होंने बैठक में मंत्रियों को अगली सरकार में काम पर फोकस रहने का इशारा किया।

पीएम मोदी ने रविवार को मंत्रियों से कहा कि वे नई सरकार के लिए पहले 100 दिनों और अगले पांच सालों के लिए रोडमैप का मसौदा तैयार करें। कैबिनेट बैठक में पीएम मोदी ने मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मिलकर चर्चा करने के लिए कहा।

पीएम ने मंत्रियों से पूछा कि 100 दिनों और अगले पांच वर्षों के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है। यह बैठक चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद सामने हुई। कैबिनेट ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को चुनाव आयोग की सिफारिश भेजकर सात चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 102 सीट पर मतदान के लिए पहली अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही उस चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।




### फिर सत्ता में आ रही है सरकार

पीएम मोदी ने बैठक में कहा कि यही सरकार फिर से सत्ता में आ रही है, इसलिए विकास के काम लगातार जारी रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद कैसे पहले 100 दिन एवं 5 साल के एजेंडा का बेहतर इंप्लीमेंटेशन हो, इसका भी रोडमैप/खाका तैयार करें। बैठक के दौरान, पीएम मोदी ने अपने मंत्रियों को पांच साल के व्यापक रोडमैप के साथ अगले 100 दिनों के लिए प्रमुख पहलों और डिलिवरेबल्स की रूपरेखा तैयार करने का काम भी सौंपा।

### 'विकसित भारत' के लिए 'रोडमैप'

इससे पहले तीन मार्च को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में 'विकसित भारत : 2047' के लिए दृष्टि पत्र और अगले पांच वर्ष के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन किया गया था। उस बैठक में मई में नई सरकार के गठन के बाद तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के लिए 100 दिवसीय एजेंडे और उसके शीघ्र क्रियान्वयन के बारे में चर्चा की गई थी। सूत्रों ने तब कहा था कि 'विकसित भारत' के लिए 'रोडमैप' दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है। सूत्रों ने कहा था कि इसमें सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग संगठनों, नागरिक संस्थाओं, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श तथा युवाओं के सुझावों को समाहित करते हुए 'सरकार का समग्र' दृष्टिकोण शामिल है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा था, 'अलग-अलग स्तरों पर 2,700 से अधिक बैठकें, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए। 20 लाख से अधिक युवाओं से सुझाव प्राप्त हुए।'

## महेश जोशी को ED का समन, आज होगी पूछताछ



**बेधड़क**। जयपुर

जल जीवन मिशन घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व मंत्री महेश जोशी को समन भेजा है। ईडी ने 2000 करोड़ के घोटाले को लेकर सोमवार को जयपुर प्रवर्तन निदेशालय में पेश होने का निर्देश दिया है। इस मामले में पूर्व मंत्री जोशी को एक दिन पहले ईडी का नोटिस मिला था। फिलहाल जोशी वकील की सलाह ले रहे हैं। इससे पहले उनके करीबी संजय बड़ाया से पूछताछ हो चुकी है। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन घोटाले से जुड़े मामले को लेकर पिछले दिनों ईडी की टीम ने प्रदेश के 25 ठिकानों पर ठिकानों पर छापेमारी की थी।

**ISIS मॉड्यूल टेरर मामले में NIA का एक्शन**

## पुणे में आतंकियों से जुड़ी 4 अचल संपत्तियां की कुर्क

**बेधड़क**। मुंबई

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) देश में वैश्विक आतंकी संगठनों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए लगातार काम कर रही है। एनआईए ने पुणे में आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में चार अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया है। यह मामला महाराष्ट्र, गुजरात और भारत के अन्य हिस्सों में विभिन्न स्थानों पर हमले करने, आईईडी निर्माण ट्रेनिंग, फायरिंग प्रैक्टिस और ठिकानों के लिए जंगलों की रेकी के अलावा आर्म्ड रॉबरी करके आतंकी फंड जुटाने के लिए आईएसआईएस की साजिश से संबंधित है।

कोंढवा पुणे (महाराष्ट्र) में कुर्क की गई संपत्तियां तीन भगोड़ों सहित 11 आरोपी व्यक्तियों से जुड़ी हुई हैं। एनआईए ने पहले ही मामले में सभी 11 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। यूए (पी) अधिनियम की धारा 25 के तहत कुर्क की गई संपत्तियां आवासीय घर/फ्लैट हैं, जो आरोपी मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी, मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अली, कादिर दस्तगीर पठान, सिमाब काजी, जुल्फिकार अली बड़ौदावाला, अब्दुल्ला फैयाज शेख, तल्हा लियाकत खान, शमिल नाचन और आकिफ नाचन से जुड़ी हुई हैं।




### आईईडी बनाने के लिए हो रहा था इस्तेमाल

कोंढवा में कुर्क की गई संपत्तियां तीन भगोड़ों सहित 11 आतंकियों से जुड़ी हुई हैं। इन संपत्तियों का इस्तेमाल आतंकवादी मकसद के लिए किया जा रहा था। इन चारों संपत्तियों का इस्तेमाल आईईडी बनाने, इसके प्रशिक्षण और आतंकवादी कृत्यों की योजना बनाने के लिए किया जा रहा था। एनआईए इस मामले में पहले ही सभी 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 25 के तहत कुर्क की गई संपत्तियां आवासीय घर और फ्लैट हैं।

### बेंगलुरु ने जीता महिला प्रीमियर लीग का खिताब




*__नई दिल्ली।__ महिला प्रीमियर लीग 2024 के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हुआ। यह मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया। इसके साथ ही महिला प्रीमियर लीग को नया चैंपियन मिल गया है। बेंगलुरु ने दिल्ली को हराकर दूसरे सीजन का खिताब अपने नाम किया। पिछले साल मुंबई इंडियंस ने खिताब पर कब्जा जमाया था। दिल्ली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को जीत के लिए 114 रन का टारगेट दिया। टीम 18.3 ओवर में 113 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। ओपनर शेफाली वर्मा ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए, जबकि कप्तान मेग लेनिंग ने 23 रन की पारी खेली। श्रेयांका पाटिल ने 4 विकेट झटके, जबकि सोफी मोलेनिक्स को 3 सफलताएं मिलीं। आशा शोभना के हिस्से दो विकेट आए।*

**अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा**

## होसबोले फिर बने RSS के सरकार्यवाह, 3 साल तक संभालेंगे जिम्मेदारी

- छह साल बाद नागपुर में हुई अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा
- तीन दिवसीय सभा में शामिल हुए 45 प्रांतों के 1500 से ज्यादा कार्यकर्ता
- दत्तात्रेय को 2027 तक इस पद के लिए फिर से चुना गया

**एजेंसी**। नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने रविवार को 'सरकार्यवाह' पद के लिए दत्तात्रेय होसबोले को फिर से चुन लिया गया।

आरएसएस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि होसबाले 2021 से 'सरकार्यवाह' के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें 2024 से 2027 की अवधि के लिए इस पद पर फिर से चुना गया है।

आरएसएस की वार्षिक तीन दिवसीय 'अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा' शुक्रवार को रेशिमबाग के स्मृति भवन परिसर में शुरू हुई थी। यह बैठक 6 साल बाद आरएसएस के मुख्यालय नागपुर में हुई। बैठक में आरएसएस से जुड़े 45 प्रांतों के 1,500 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।




### संघ की परंपरा के अनुसार करता रहूंगा काम

सर कार्यवाह चुने जाने के बाद दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि पिछली बार मैं सर कार्यवाह के पद पर निर्वाचित हुआ तो मुझ पर ये दायित्व आया था, वो आयोजन बेंगलुरु में हुआ था। संघ के जीवन में पहली बार संघ के इतिहास में सर कार्यवाह का निर्वाचन नागपुर से बाहर हुआ था। उन्होंने कहा कि कोविड की वजह से ऐसा हुआ था। उन्होंने कहा कि मुझे इस दायित्व के योग्य समझा गया, इसके लिए संघ का धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि वह आगे भी संघ की परंपरा के मुताबिक काम करने की कोशिश जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि संघ का काम काम बढ़ने की वजह से शाखाएं बढ़ रही है। इस बार प्रतिनिधि ज्यादा आए थे, इसलिए नियमित भवन में नहीं बल्कि मैदान में पंडाल लगाकर बैठक की गई। संघ के भवन छोटे पड़ रहे हैं यह अच्छी बात है। संघ लोगों के दिलों में है।

### 'मीसा' के अंतर्गत दो साल तक जेल में रहे

दत्तात्रेय होसबोले का जन्म एक दिसंबर 1954 को हुआ था। वह 1968 में संघ के संपर्क में आए थे। इसके बाद 1978 में वह एवीबीपी के पूर्वकालिक सदस्य बने और 1990 में उन्होंने प्रचारक की जिम्मेदारी संभाल ली थी। होसबोले ने 2009 में सह सरकार्यवाह का दायित्व संभाला, जबकि 2021 में वह पहली बार सरकार्यवाह बने थे। होसबोले कर्नाटक के शिवमोग्गा के रहने वाले हैं। दत्तात्रेय होसबोले वर्ष 1975-77 के जेपी आंदोलन में भी सक्रिय थे और लगभग पौने दो वर्ष तक 'मीसा' के अंतर्गत जेल में रहे।

**जरूरी खबर**

### करोड़ों की GST चोरी पकड़ी, दो गिरफ्तार




**बेधड़क.जयपुर।** डायरेक्ट्रेट ऑफ जीएसटी जनरल इन्वेस्टीगेशन के दल ने किशनगढ़ के दो मार्बल-ग्रेनाइट कारोबारी को 20.81 करोड़ की जीएसटी चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। टीम ने पहले अग्रसेन कॉलोनी निवासी मनोज कुमार जैन की गिरफ्तारी की। इसके बाद आर्थिक अपराध न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। डीजीजीआई के आसूचना अधिकारी वरुण प्रताप सिंह ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि यहां बोगस फर्मों के बिल आपूर्ति आदेशों के दस्तावेज प्रमाण के लिए जुटाने के भी क्लू मिले। इस मामले में एक अन्य मार्बल कारोबारी की भी गिरफ्तारी की है।

### पेपरलीक: चेयरमैन और इंटरव्यू बोर्ड से होगी पूछताछ

**बेधड़क.जयपुर।** एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक कर पास हुए आरोपियों से पूछताछ में कई जानकारियां सामने आई हैं। इसमें सबसे बड़ा खुलासा ये हुआ है कि पेपर लीक माफिया ने इंटरव्यू में भी पास होने की पूरी व्यवस्था कर रखी थी। इसमें पेपर लीक, डमी कैंडिडेट और इंटरव्यू में पास कराने के लिए 40 लाख रुपए एक अभ्यर्थी से लिए गए। ये जानकारी एडीजी एसओजी वीके सिंह ने सीएम भजनलाल से भी शेयर की थी। इसके बाद सीएम ने कहा कि किसी से डरने की जरूरत नहीं है। हर वह व्यक्ति अपराधी है, जो पेपर लीक में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मिला हुआ है। अब एसओजी पेपर लीक मामले में आरपीएससी चेयरमैन संजय श्रोत्रिय से लेकर इंटरव्यू में बैठे बोर्ड तक से पूछताछ करेगी।

### प्रहलाद मुंडोतिया को मिली पीएच.डी की उपाधि



**बेधड़क.जयपुर।** प्रहलाद मुंडोतिया ने मालवीया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जयपुर के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग से पीएच-डी की उपाधि प्राप्त की। उन्होंने 'हाइड्रो-थर्मल शेडूलिंग अंडर आर ई अंसर्टिनिटी' था। इसमे इन्होंने रिन्यूएबल एनर्जी के ग्रिड में समायोजन एवं इसके प्रभावों पर शोध किया। इन्होंने इस दौरान कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के जर्नल एवं कॉन्फ्रेंस में पेपर जारी किए। मुंडोतिया ने अपना शोध कार्य प्रोफेसर एच. पी. तिवारी और डॉ. पारुल मथुरिया के निर्देशन में पूरा किया।

**राजकार्य में बाधा डालने व धमकी देने का हुआ था मामला दर्ज, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन का था आह्वान**

## अमीन पठान गिरफ्तार... बोले- जनता चुनाव में देगी जवाब

**बेधड़क** | जयपुर



ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती दरगाह के पूर्व सदर व प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अमीन पठान को रविवार को राजकार्य में बाधा डालने के मामले में गिरफ्तार कर लिया गया।

पठान को कोटा शहर की अनंतपुरा थाना पुलिस ने उनके निवास से गिरफ्तार किया, जहां उन्हें सीधे थाने लाया गया। पुलिस उपाधीक्षक चतुर्थ मनीष शर्मा ने बताया कि लाडपुरा रेंजर संजय नागर ने अमीन पठान के खिलाफ 16 मार्च को एक मुकदमा दर्ज करवाया था, जिसमें राजकार्य में बाधा डालने सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अमीन पठान को गिरफ्तार किया है। वहीं, अमीन पठान को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस सिविल लाइंस स्थित अवकाशकालीन न्यायाधीश के निवास पर पहुंची, जहां उन्हें पेश किया गया। इस दौरान भारी संख्या में अमीन के समर्थक न्यायाधीश के घर के बाहर जमा हो गए। इसके बाद पुलिस ने अमीन के समर्थकों को न्यायाधीश के घर से खदेड़ा दिया। इस बीच समर्थक मोबाइल से वीडियो बनाते रहे और नारेबाजी करते रहे। वहीं, दूसरी ओर न्यायाधीश ने अमीन को 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

इधर, अमीन पठान ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि गरीब और मजदूरों के घर तोड़ने का विरोध करने पर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। जनता इसका जवाब चुनाव में देगी। आगे मैं इसकी चुनौती पेश करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस और प्रशासन का रवैया ठीक रहा है, लेकिन सरकार और सरकार से जुड़े लोगों ने जिस तरह से ये कृत्य किया है, आने वाले चुनाव में सरकार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

### आज कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन का था आह्वान

अमीन पठान ने 18 मार्च को प्रदर्शन का आह्वान किया था। इसके तहत कलेक्ट्रेट के बाहर सुबह 10 बजे से धरना प्रदर्शन शुरू करने की बात कही गई थी। वहीं, प्रशासन पर कच्ची बस्तियों के मकान तोड़ने का आरोप लगाया गया था। साथ ही कहा गया कि गरीब मजदूरों के मकान तोड़कर सरकार उन्हें बेघर करना चाह रही है। इसके पहले ही पुलिस ने एक्शन लेते हुए प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अमीन पठान को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी तरफ पठान की गिरफ्तारी की सूचना आग की तरह फैल गई। इसके बाद कांग्रेस नेता विद्या शंकर गौतम ने स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं को अमीन पठान के घर पर पहुंचने का आह्वान किया। ऐसे में पुलिस ने एहतियात बरतते हुए भारी संख्या में पठान के आवास के बाहर जाप्ते की तैनाती कर दी।

### ये है पूरा मामला

अनंतपुरा थाने के सीआई भूपेंद्र सिंह ने बताया कि राजस्व विभाग, वन विभाग, यूआईटी और पुलिस के अधिकारी डीजीपीएस मशीन के सर्वे के लिए अनंतपुरा इलाके में गए थे, जहां पठान का फार्म हाउस है। वन विभाग की जमीन पर जाने के रास्ते पर पठान का फार्म हाउस बना है। सर्वे के दौरान अमीन पठान की पत्नी रजिया पठान आ गई और उसने सर्वे के बारे में पूछा। इसी बीच अमीन पठान भी वहां आ गए और उन्होंने अधिकारियों के साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। साथ ही दोबारा नहीं आने की धमकी भी दी। ऐसे में पुलिस ने उनके खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज किया। इसके बाद रविवार को पठान को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया।

**पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने भाजपा पर साधा निशाना**

## कांग्रेस के खिलाफ झूठ फैलाकर प्रदेश की जनता को किया भ्रमित

**बेधड़क** | जयपुर



लोकसभा चुनाव की आचार संहित लगने के साथ ही राजनीतिक पार्टियों में एक-दूसरे के खिलाफ आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।

भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य पार्टियां भी जनता के बीच अपनी जगह बनाने में जुटी हुई है। इसी बीच प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर भाजपा को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने भाजपा पर जुबानी हमला बोला है। गहलोत ने भाजपा पर झूठ फैलाने और प्रदेश की जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए निशाना साधा है। गहलोत ने कहा कि प्रदेश की सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने बहुत अच्छा कार्य किया था।

हमारी सरकार की योजनाओं को कई राज्यों में अपनाया गया था। ऐसे में विधानसभा चुनाव से पहले उम्मीद थी कि हमारी सरकार रिपीट होगी, लेकिन भाजपा के केंद्रीय नेताओं ने झूठा प्रचार किया और कांग्रेस के खिलाफ जहर उगला। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर अनर्गल झूठे आरोप लगाए और प्रदेश की जनता को गुमराह किया। इसकी वजह से हम सरकार बनाने में कामयाब नहीं हुए। गहलोत ने कहा कि भले ही हम सरकार में नहीं आए, लेकिन हमारा वोट प्रतिशत बढा है। वर्ष 2018 की तुलना में हमें 16 लाख ज्यादा वोट मिले लेकिन झूठे प्रचार की वजह से बीजेपी सत्ता में आ गई।

### सोशल मीडिया पर मार्मिक अपील

लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान होने के बाद राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेशवासियों से मार्मिक अपील की है। पूर्व सीएम गहलोत ने अपने सोशल मीडिया पेज पर 8 मिनट का एक वीडियो अपलोड किया है। इस वीडियो को जरिए उन्होंने प्रदेशवासियों के अपील करते हुए कहा कि इस बार कांग्रेस के उम्मीदवारों को आशीर्वाद देकर उन्हें कामयाब करें। गहलोत ने कहा कि वे गारंटी देते हैं कि हम सब मिलकर प्रदेशवासियों की सेवा में कोई कमी नहीं रखेंगे। केंद्र सरकार पर दबाव बनाकर जनहित की योजनाओं को लागू करवाएंगे।

### जनकल्याण की योजनाओं को कर रहे कमजोर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा पर आरोप लगाया कि उनकी सरकार की ओर से चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं को कमजोर किया जा रहा है। कुछ योजनाओं को बंद किया जा है। राजीव गांधी युवा मित्रों को नौकरी से निकाल दिया। अगर योजना के नाम से दिक्कत थी तो नाम बदल देते, लेकिन युवाओं से रोजगार नहीं छीनना चाहिए था। पिछले छह महीने से राशन की दुकान वालों को कमिशन नहीं मिल रहा है। नए टेंडर नहीं हो पा रहे हैं और सारे काम ठप्प पड़े हैं। गहलोत ने कहा कि इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार काम नहीं कर रही है।

### कांग्रेस ने युवाओं के साथ किया धोखा: यादव

अलवर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने अलवर में कहा कि यहां के युवाओं को जयपुर में पहले परेशानी होती थी, लेकिन अब अलवर के युवाओं के लिए बेहतर सुविधा हो गई है। 40 साल से मैं अलवर से जुड़ा हुआ हूं और यहां के लोगों के लिए काम कर रहा हूं। मैंने मेरे गांव में लाइब्रेरी बनवाई है और यहां के युवाओं को मजबूत करने का प्रयास कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती गहलोत सरकार दो धड़ों में बंटी थी। एक तरफ सचिन पायलट और दूसरी तरफ अशोक गहलोत थे। रुमाल झपट्टे के खेल में 5 साल निकल गए। छात्रों, नौजवानों व युवाओं के साथ खिलवाड़ हुआ, लेकिन भजनलाल सरकार ने सत्ता में आते ही परीक्षा में होने वाली गड़बड़ी को रोकने का काम किया। आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। राजस्थान में पेट्रोल-डीजल से वैट घटाने का काम किया गया। केंद्र सरकार ने पूर्ववर्ती गहलोत सरकार से कई बार कहा था कि राजस्थान का पेट्रोल सबसे महंगा है, लेकिन गहलोत सरकार ने कभी इस पर ध्यान नहीं दिया। प्रदेश में भजनलाल सरकार बनते ही चार विषय पानी, बिजली व भ्रष्टाचार पर कार्रवाई हुई। 10 सालों में हमने देश को बदलते हुए देखा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को साकार होते देखा है। फिर चाहे देश में राम मंदिर बनने की बात हो या फिर 370 हटाने की बात हो।

**आवासीय भूमि हड़पने का आरोप**

## पूर्व विधायक के खिलाफ कोर्ट ने मामला दर्ज कराने के दिए आदेश

**बेधड़क** | जयपुर



चाकसू से पूर्व विधायक वेद प्रकाश सोलंकी सहित चार लोगों के खिलाफ जयपुर की कोर्ट ने पुलिस को मामला दर्ज करने का आदेश दिया है। चारों पर प्लॉट हड़पने का आरोप है। मामले में सुनवाई करते हुए शनिवार को जयपुर महानगर द्वितीय की महानगर मजिस्ट्रेट क्रम संख्या-1 अदालत ने अश्वनी बैंजामिन की शिकायत पर करधनी थाना पुलिस को यह आदेश दिया।

शिकायत में कहा गया है कि पूर्व विधायक वेद प्रकाश सोलंकी, मीना वाला गृह सहकारी समिति के संयोजक नितेश अग्रवाल और अध्यक्ष ने फर्जी विक्रय पत्र से उसके प्लॉट पर कब्जा किया है। जबकि गृह सहकारी समिति ने पहले यह प्लॉट बीकानेर निवासी अपर्णा भत्रा को बेचा था। अपर्णा भत्रा ने इसका भुगतान भी कर दिया था। वहीं, अब प्लॉट को वेद प्रकाश सोलंकी को बेचना बताया जा रहा है।

शिकायतकर्ता के वकील राजेश फल्डोलिया ने बताया- गांव भुरटिया में मीना वाला गृह सहकारी समिति ने साल 2013 में राधे रेजिडेंस नाम से आवासीय कॉलोनी विकसित की थी। इसमें बीकानेर निवासी अपर्णा भत्रा ने 12 जून 2013 को प्लॉट संख्या-122 खरीदा था, जिसका कुल एरिया 146.67 वर्ग गज था। भुगतान के बाद अपर्णा भत्रा ने प्लॉट का असल पट्टा, साइट प्लान और रसीद प्राप्त की थी। बीकानेर में रहने के कारण अपर्णा ने 1 दिसंबर 2023 को पावर ऑफ अटॉर्नी के जरिए शिकायतकर्ता अश्वनी बैंजामिन को भूखंड की सार संभाल के लिए अधिकृत किया था। जब अश्वनी बैंजामिन प्लॉट की सार-संभाल के लिए मौके पर गए तो उन्हें मीना वाला गृह सहकारी समिति के संयोजक नितेश अग्रवाल ने कहा कि यहां पर अपर्णा भत्रा और अन्य किसी व्यक्ति की कोई जमीन नहीं है।

### मेरी छवि खराब करने का प्रयास

इन आरोपों पर पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी ने कहा कि ऐसे कोई प्लॉट नहीं है। न ही किसी प्लॉट पर कब्जा कर रखा है और न मैं जानता हूं। यह मेरी राजनीतिक छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है।

**फागोत्सव में झूमे भक्त, भजनों की बही बयार**

## झोली भर लो भक्तों रंग और गुलाल से...

**बेधड़क** | जयपुर



फाल्गुन मास के दौरान शहरभर में फागोत्सवों की धूम मची हुई है। भक्त मंदिरों में ठाकुरजी संग भजनों की धुन पर झूमते-नाचते हुए फूलों और गुलाल से होली खेल रहे हैं।

इसी कड़ी में रविवार को शास्त्री नगर, हाउसिंग बोर्ड स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में फागोत्सव का आयोजन हुआ। इस मौके पर ठाकुरजी श्रीराधाकृष्ण और भगवान शिव की फूल बंगला झांकी सजाई गई। मंदिर महंत पं. गिरधारी महाराज ने बताया कि दोपहर 2 बजे से फागोत्सव शुरू हुआ। इसमें सर्वप्रथम भगवान गणेश, गुरुदेव, हनुमानजी और मां जगदंबा की वंदना की गई। इसके बाद तुम झोली भर लो भक्तों रंग और गुलाल से..., जुलम कर डारो सितम कर डारो..., बाबा श्याम के दरबार मची रे होली..., काळे ने कर दिया लाल..., राधिका गोरी से बिरज की छोरी से... जैसे भजनों से ठाकुरजी को रिझाया। फागोत्सव में आए सभी भक्तों को गुलाल का टीका लगाकर स्वागत किया गया। वहीं भजनों की धुन पर भक्तों ने ठाकुरजी संग फूलों की होली खेली। आरती के बाद फागोत्सव का समापन हुआ।

**ओबीसी मोर्चा कार्यकर्ता सम्मलेन आयोजित**

## डबल इंजन सरकार में ओबीसी का बड़ा योगदान

**बेधड़क** | जयपुर




भारतीय जनता पार्टी बनी पार्क मंडल की ओर से रविवार को जनोपयोगी भवन शास्त्री नगर में ओबीसी मोर्चा कार्यकर्ता सम्मलेन आयोजित किया गया।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि पशुपालन डेयरी एवं देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत और सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर भाजपा जिला अध्यक्ष राघव शर्मा ने की। विधायक गोपाल शर्मा ने ओबीसी मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करते हुए देशहित में उनके योगदान की सराहना की। शर्मा ने कहा कि देश में भाजपा की डबल इंजन सरकार बनाने और नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री देने में ओबीसी समाज का बड़ा योगदान रहा है और उनका सहयोग आगे भी मिलता रहेगा इसे सुनिश्चित करने के लिए ही यह सम्मेलन आयोजित हुआ है। शर्मा ने कहा कि विधानसभा में मारवाड़ का नेतृत्व कर रहे कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत यहां मौजूद हैं, जो कि ओबीसी मोर्चा राजस्थान की बुलंद आवाज है। इसके साथ ही विधायक शर्मा ने सिविल लाइंस क्षेत्र में स्वीकृत हुए विकास कार्यों का ब्योरा देते हुए कहा कि हसनपुरा को हरीपुरा बनाने का रास्ता साफ होने लगा है।

### मतदाताओं का जताया आभार

मजदूर नगर वार्ड-44 में शांति नगर मंडल भाजपा की ओर से सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा का रविवार को नागरिक अभिनंदन एवं जन आभार सभा का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान लोगों ने विधायक शर्मा का माल्यार्पण और साफा पहनकर अभिनंदन किया। इस दौरान विधायक गोपाल शर्मा ने मजदूर नगर में जनसंपर्क करते हुए होली की बधाई देते हुए रामा-श्यामा की। इस दौरान उन्होंने विजयी बनाने के लिए क्षेत्र के मतदाताओं का आभार जताया।

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दी आचार संहिता की जानकारी**

## प्रत्याशियों को आपराधिक मामलों की जानकारी करनी होगी सार्वजनिक

**बेधड़क** | जयपुर



मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने रविवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ शासन सचिवालय में बैठक आयोजित कर उन्हें लोकसभा चुनाव-2024 के कार्यक्रम तथा आदर्श आचार संहिता की जानकारी दी।

बैठक में निर्वाचन विभाग ने सभी दलों से स्वतंत्र-निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान तथा आदर्श आचार संहिता का पालन करवाने में पूर्ण सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रत्याशी एवं राजनीतिक दलों को अपनी वेबसाइट, सोशल मीडिया हेंडल, राष्ट्रीय एवं स्थानीय समाचार पत्रों में प्रत्याशी की आपराधिक पृष्ठभूमि के बारे में कम से कम तीन बार प्रकाशित करवाना होगा। सभी पोलिंग बूथ पर बीएलए की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से करने का भी आग्रह किया। गुप्ता ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूचियों के अपडेशन, मतदान केंदों के पुनर्गठन, चुनाव के लिए कार्मिकों की तैनाती तथा बूथ स्तर तक निर्वाचन प्रबंधन के बारे में निर्देश दिए। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट के स्टॉक की समीक्षा करने तथा इन मशीनों का समुचित रैंडमाइजेशन करने का सुझाव दिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि सभी लगातार आयोग के नियंत्रण, पर्यवेक्षण एवं अनुशासन में रहकर कार्य करें। उनका आचरण हर समय संदेह से परे रहना चाहिए।

चुनाव कार्य के दौरान कर्तव्य निर्वहन में किसी भी कमी एवं लापरवाही पर आयोग संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पुलिस अधीक्षकों को वीसी के माध्यम दिए निर्देश कि चुनाव कार्य के सुरक्षा प्रबंधन में मतदान कर्मियों, केन्द्रों एवं सामग्री की सुरक्षा भी शामिल है।

### शिकायतों पर होगी तुरंत कार्रवाई

वीसी से पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया कार्मिकों के आमुखीकरण कार्यक्रम में चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों के निस्तारण में मीडिया से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन विभाग सी-विजिल एप के जरिए प्राप्त होने वाली शिकायतों के साथ- साथ मीडिया में प्रकाशित-प्रसारित खबरों पर भी नजर रखेगा और उनका यथाशीघ्र समुचित निस्तारण करेगा। उन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए चलाए जा रहे अभियानों, स्वीप गतिविधियों, मतदाता सूचियों के अपडेशन, चुनावी खर्च की मॉनिटरिंग तथा आचार संहिता उल्लंघन के मामलों में मीडिया की प्रभावी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने मीडियाकर्मियों से इन गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल होकर निष्पक्ष, भयमुक्त और धनबल के प्रभाव से रहित चुनाव संपन्न कराने में सहयोग का आह्वान किया।

### मतदान केन्द्रों पर आओ बूथ चले अभियान

लोकसभा आम चुनाव- 2024 के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन विभाग की पहल पर व्यापक स्तर पर स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मतदाता सूची में अपना नाम खोजने की प्रक्रिया के तहत 17 मार्च को राज्य के सभी मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गुप्ता ने बताया कि 10 मार्च को प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों पर आयोजित विशेष अभियान आओ बूथ चले अभियान के तहत 6,84,199 मतदाताओं ने मतदाता सूची में अपना नाम खोजा। इनमें से 2,12,742 मतदाताओं ने वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में देखा। अभियान के तहत 1,37,082 मतदाताओं ने वीएचए एप डाउनलोड किया। अभियान के तहत 15,390 पात्र मतदाताओं ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया।

## जरूरी खबर

### पुलिसकर्मियों ने देखी फिल्म 12वीं फेल



**जयपुर।** पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने रविवार को जयपुर कमिश्नरेट के थानों में तैनात पुलिसकर्मियों को राज मंदिर में 12वीं फेल मूवी दिखाई। बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया- पुलिसकर्मियों में मेहनत के बल पर पास होने की सोच को बढ़ाने के लिए यह मूवी दिखाई जा रही हैं। कैसे एक 12वीं फेल लड़का इतनी मेहनत करता है कि वह काम के साथ-साथ अच्छी पढ़ाई करता है। आईपीएस बनकर हर युवाओं को प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा- मेहनत का कोई सब्स्टिट्यूट नहीं होता है। फिल्म वह खुद देख चुके हैं। फील्ड प्रेरणा देने वाली हैं। इसलिए पुलिसकर्मियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है कि वह परिवार के साथ मूवी देखें। उम्मीद है इस मूवी को देखने से पुलिसकर्मियों की सोच में बदलाव आएगा।

### राजधानी में होली से पहले बढ़ने लगी गर्मी

**जयपुर।** होली नजदीक आने के साथ ही राजधानी के साथ ही प्रदेश में गर्मी बढ़ने लगी है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, अगले दो से तीन दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना है। इससे गर्मी का असर और तेज होने लगेगा। पश्चिमी हवा की वजह से प्रदेश के कुछ शहरों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस गिरावट आई है। लेकिन, अब अगले 7 दिनों तक मौसम साफ रहने की संभावना है। जयपुर मौसम केंद्र के वैज्ञानिक हिमांशु शर्मा ने बताया कि राजस्थान में फिलहाल कोई भी वेदर सिस्टम एक्टिव नहीं है। इससे तापमान में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। इसकी वजह से आने वाले दिनों में मौसम शुष्क रहने के साथ ही तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

#### जगतपुरा सीबीआई फाटक स्थित पानी की टंकी पर चढ़े युवक-युवतियां

# अब CHA बने 'वीरू', नौकरी वापस नहीं तो कूदकर दे देंगे जान

**बेधड़क** | जयपुर

रोजगार सहायकों को आश्वासन देकर उतारा तो अब नौकरी की मांग को लेकर कोविड स्वास्थ्य सहायक (सीएचए) रविवार को जगतपुरा सीबीआई फाटक स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए। स्वास्थ्य सहायकों ने कहा कि सरकार ने अगर जल्द से जल्द हमारी मांग को पूरा नहीं की तो हम आत्महत्या कर लेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले ढाई साल से हमें परेशान किया जा रहा है। इसकी वजह से जीवन यापन मुश्किल हो रहा है।

दरअसल, कोरोना काल के दौरान पूर्व कांग्रेस सरकार ने प्रदेशभर में 28 हजार सीएचए वर्कर्स की नियुक्ति की थी, जिन्हें कोरोना मरीजों के उपचार के साथ घर-घर जाकर दवाई पहुंचाने, सैंपल लेने की भी जिम्मेदारी दी गई थी।



### सिर्फ राजस्थान में ही क्यों हटाया गया?

पानी की टंकी पर चढ़ी CHA संघर्ष समिति की प्रदेश अध्यक्ष पूजा बावरिया ने कहा कि हम अपनी जायज मांग को लेकर लम्बे वक्त से आंदोलन कर रहे हैं। कोई सुनवाई नहीं हो रही हैं। इसलिए आज हमें मजबूरन टंकी पर चढ़ना पड़ा हैं। अगर अब भी सरकार ने हमारी मांग को पूरा कर हमें फिर से रोजगार नहीं दिया। हम अपनी जान दे देंगे। जिसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी। पूजा ने कहा कि कोरोना के वक्त न सिर्फ राजस्थान बल्कि देशभर में सीएचए को नियुक्ति दी गई थी। लेकिन सिर्फ राजस्थान में ही सीएचए को हटाया गया हैं। जबकि दूसरे राज्यों में सीएचए आज भी काम कर आम जनता कि जिंदगी को बचाने का काम कर रहे हैं।

### कोरोना के बाद हटा दिया गया था

कोरोना खत्म होने के बाद सीएचए वर्कर्स का कॉन्ट्रैक्ट खत्म होने के साथ ही सरकार ने सभी को नौकरी से हटाने का आदेश जारी कर दिया। इस आदेश के बाद से प्रदेश में सभी सीएचए ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया था। इसके पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के वक्त बीजेपी नेताओं ने भी समर्थन किया था। बीजेपी सरकार के गठन के बाद सीएचए को नौकरी नहीं मिली। इसके बाद बीजेपी सरकार के खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया हैं।

#### राज्यपाल ने पूजा-अर्चना कर किया फागोत्सव का शुभारंभ

# गोविंद के दरबार में बिखरे फाग के रंग, ठाकुरजी को नृत्य से रिझाया



फोटो: पंकज शर्मा

**बेधड़क** | जयपुर

आराध्य देव गोविंददेव जी मंदिर में रविवार से मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सानिध्य में तीन दिवसीय होली पारंपरिक फागोत्सव का आगाज हुआ। इस दौरान कलाकारों ने ठाकुरजी के समक्ष फाग के रंग बिखेरे और नृत्य की प्रस्तुतियां दीं। राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंदिर में विधिवत पूजा और आरती कर फागोत्सव का श्री गणेश किया।

इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों की संपन्नता और खुशहाली की कामना की। उन्होंने भगवान को लगाए गए छप्पन भोग की झांकी के भी दर्शन किए। बाद में उन्होंने मंदिर प्रांगण में लगभग 200 वर्षों से मनाए जा रहे फागोत्सव में भी भाग लिया। मंदिर प्रवक्ता मानस गोस्वामी ने बताया कि शहर के वरिष्ठ भजन गायक पं. जगदीश शर्मा ने गणेश वंदना एवं मंदिर में होली खेले भजनों की प्रस्तुति दी।

युवा गायक कुंज बिहारी जाजू ने सांवरिया आपां होली खेलां जी..., डॉ. गौरव जैन और उनकी पत्नी दीपशिखा जैन ने ठुमरी चलो गुइयां आज खेले होरी... अंकिता माहेश्वरी, शिवि चटर्जी ने मेरी चूनर में लग गयो दाग री.., राहुल वालिया ने कान्हा खेलो कहां ऐसी होरी... और डॉ. विजेन्द्र गौतम ने होरी खेलत श्याम ठुमरी... की प्रस्तुति दी।



### होली गीत, कथक और कालबेलिया नृत्य

वरिष्ठ कथक नृत्य गुरु डॉ. शशि सांखला और उनकी पुत्री हिमा गोयल ने कथक नृत्य, राजेन्द्र राव ने रंग मत डारे रे सांवरिया, आज बिरज में होरी रे रसिया... नवीन शर्मा, कुमार नरेंद्र ने होली के भजन प्रस्तुत किए। अंजू माथुर ने राजस्थानी गीत पर नृत्य किया। कथक केंद्र की नृत्य निर्देशक रेखा ठाकर ने ठुमरी होरी खेलत नंदलाल पर कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। वर्तिका तिवारी ने गुइयां ठुमरी, अदिति सोमानी ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया। हेमंत डांगी और उनकी धर्मपत्नी नन्दिनी ने भजन प्रस्तुत किया। पं. आलोक भट्ट ने ठुमरी फगवा ब्रज देखन को चलो री..., दिल्ली से आए कथक नृत्य गुरु हरीश गंगानी, मनीषा गुलियानी ने कथक नृत्य प्रस्तुति किया। पद्मश्री गुलाबो तथा उनके दल के कलाकारों ने भवई तथा कालबेलिया नृत्य द्वारा फाग महोत्सव को परवान चढाया। प्रथम दिवस की समापन प्रस्तुति के रूप में नृत्य गुरु पं० अविनाश शर्मा और उनके डेढ़ दर्जन शिष्यों ने नृत्य प्रस्तुति दी।



### आज ये कलाकार देंगे प्रस्तुति

कार्यक्रम संयोजक गौरव धामानी ने बताया कि सोमवार को जगदीश शर्मा, आलोक भट्ट, मोहन बालोदिया, कुंज बिहारी जाजू, कमल कान्त कौशिक, परबीन मिर्जा, समता जैन, इश्वर दत्त माथुर, उल्लहास पुरोहित गायन में हाजिरी लगाएंगे। अविनाश शर्मा, संगीता मित्तल, श्रुती मिश्रा, स्वाति गर्ग, मुंगा राम, कुन्दन, माधुरी ,रेखा सैनी, सोहन तंवर, वीना अनुपम, अंकित पारीक, ऋचा गुप्ता , धनश्याम गंगानी नृत्य की छटा बिखेरेंगे।

#### एक महीने पहले ही लगी थी नौकरी

# एक्सीडेंट में पुलिया से नीचे गिरे पति-पत्नी, दोनों की मौत

**बेधड़क**| जयपुर



जयपुर में दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस हाईवे पर रविवार सुबह पौने 8 बजे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार उछलकर 25 फीट ऊंची पुलिया से नीचे गिर गए। हादसे में दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने ग्रेड सेकंड टीचर और उसके पति शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। एक्सीडेंट थाना (वेस्ट) के हेड कॉन्स्टेबल भरत सिंह ने बताया कि हादसे में राजेंद्र प्रसाद वर्मा (39) पुत्र मालीराम वर्मा और उनकी पत्नी संजू लता वर्मा (34) निवासी उदयपुरिया गांव हरमाड़ा की मौत हो गई। प्राइवेट जॉब करने वाले राजेन्द्र की पत्नी संजू लता को कॉलेज लेक्चरर एग्जाम दिलवाने जा रहा था।

पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह राजेंद्र और संजू लता सांगानेर जा रहे थे। सुबह करीब पौने 8 बजे करणी विहार थाना क्षेत्र में खिरणी फाटक के पास एक्सप्रेस हाईवे पर अज्ञात वाहन पीछे से टक्कर मार दी और फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की पति-पत्नी पुलिया से 25 फीट नीचे गिरने से लहूलुहान हो गए। दोनों को राहगीरों ने अलग-अलग हॉस्पिटल पहुंचाया। एक कार सवार पति को मरुधर हॉस्पिटल लेकर पहुंचा। वहीं, एक ऑटो ड्राइवर महिला को शेल्बी हॉस्पिटल लेकर पहुंचा।

दोनों हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने पति-पत्नी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को खड़ा करवाकर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। राजेंद्र प्रसाद वर्मा और संजू लता वर्मा की दो बेटियां है। इनमें यशस्वी 10 साल की है। वहीं, दीप्ति अभी 8 साल की है।

#### जान से मारने की दी थी धमकी

## किडनेप कर पीटने और 30 लाख की फिरौती मांगने वाले गिरफ्तार

**बेधड़क**| जयपुर



रामनगरिया थाना पुलिस ने किडनैप के मामले में फरार चल रहे 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस ने फरार आरोपी रामनिवास मीना और राकेश मीना को गिरफ्तार किया है। 10 जून 2023 को आरोपियों ने प्रहलाद मीणा का किडनैप किया था। मामले में कुछ बदमाशों को पुलिस ने पकड़ लिया था, जबकि ये दोनों बदमाश काफी समय से फरार चल रहे थे। डीसीपी ईस्ट कावेन्द्र सागर ने बताया कि 15 जून 2023 को प्रहलाद मीना (43) पुत्र सालमा मीना निवासी ग्राम जीतपुर पुलिस थाना रामगढ़ पचवारा (दौसा) हाल मकान नंबर 9/11 एच इंद्रा गांधी नगर पुलिस थाना खोह नागोरियान, जयपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि वह 10 जून 2023 को ग्राम मेंदला (शिव सागर कॉलोनी) में एक शादी समारोह में आया था। रास्ते में बदमाश मुझे गाड़ी से उतारकर अपनी गाड़ी में डाला और मुंह पर कपड़ा बांधकर किडनैप कर ले गए। बदमाशों ने मुझे सुनसान जगह ले जाकर लोहे के पाइपों से बुरी तरह पीटा।

#### श्री दिगंबर जैन नसियां भट्टारक जी में जैन हेल्प लाइन ने लगाया गया शिविर

# जरूररतमंदों की मदद को आगे आया जैन समाज, दी सहयोग राशि

**बेधड़क** | जयपुर

जैन हेल्प लाइन की ओर से रविवार को लगाए गए सहायता शिविर में समाज के जरूरतमंद 6 व्यक्तियों को जीवन यापन के लिए राशि 22,000 का सहयोग प्रदान किया गया। यह हेल्प लाइन भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाणोत्सव के पावन प्रसंग पर दिगंबर जैन मंदिर नेमिनाथ जी (सॉवलाजी) आमेर द्वारा समाज के जरूरतमंदों की मदद के लिए श्री दिगंबर जैन नसियां भट्टारक जी में शुरू की गई है।

रविवार को सहायता शिविर का शुभारंभ भगवान की फोटो के समक्ष दीप जला कर तथा णमोकार महामंत्र के तीन बार उच्चारण के साथ किया गया। अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल ने बताया कि जरूरतमंद, विधवा, वृद्धजनों को जीवन यापन के लिए आर्थिक सहयोग, जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को शिक्षण हेतु आर्थिक सहयोग, रोजगार अवसर की जानकारी, करियर हेतु परामर्श एवं मार्गदर्शन, विवाह योग्य युवक-युवतियों की वैवाहिक सूचना की जानकारी सहित कई अन्य समाज हित के कार्यों के लिए यह जैन हेल्प लाइन शुरू की गई है। रविवार को आयोजित शिविर में गजेंद्र पाटनी कीर्ति नगर, मुन्ना देवी सोगानी लाल कोठी तथा अनिल दीवान ट्रस्टी दीवान उदय लाल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से समाज के जरूरतमंद 6 व्यक्तियों को जीवन यापन के लिए राशि 22,000 का सहयोग प्रदान किया गया।

### जैन समाज से जुड़ी हर जानकारी उपलब्ध

प्रचार-प्रसार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि यह हेल्प लाइन साधु संतों के प्रवास, विहार व चातुर्मास सूचना, समाज की धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों की सूचना, जैन औषधालय, चिकित्सा सुविधा, ब्लड बैंक, मेडिकल उपकरण, सम्बन्धित सूचना, आगन्तुक यात्रियों को मार्गदर्शन, जिनवाणी, प्रतिमाओं, मंदिर पुजारी, व्यवस्थापक सूचना, पाठ्य पुस्तकों का आदान प्रदान, जैन छात्र-छात्राओं के लिए पी जी सूचना, शहर के जैन मंदिरों के नजदीक खाली आवासों की जानकारी, महिला गृह उद्योग सूचना सहित कई जानकारियां एवं मदद इस हेल्प लाइन पर उपलब्ध है। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5.00 बजे तक यह सुविधा रहती है। भट्टारक जी की नसियां में जैन भवन में इसका कार्यालय है।

### समाज बंधुओं से मदद की अपील

अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल एवं मानद मंत्री सुभाष चन्द जैन जौहरी ने समाज के बंधुओ, संस्थाओं, मंदिर समितियों से जरूरतमंद जैन बंधुओं की मदद करने की अपील की। नवीन बिल्टीवाला ने बताया कि जन्मदिवस वैवाहिक वर्षगांठ या पुण्यतिथि के अवसर पर इस जेन हेल्पलाइन को आर्थिक सहयोग करना चाहिए। इस हेल्प लाइन में 80 G तथा CSR में दान देकर आयकर छूट का लाभ प्राप्त करने की व्यवस्था भी है।



### अब तक 92 जरूरतमंदों की मदद

जैन हेल्प लाइन की सार्थक पहल को देखते हुए संदीप पापड़ी वाल ने परम संरक्षक के लिए एक 1 लाख ₹ देने की घोषणा की। जैन हेल्प लाइन के इस शिविर में सुधांशु कासलीवाल, अनिल दीवान, संदीप पापड़ीवाल, राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चंद जैन, महामंत्री मनीष बैद, मंत्री विनोद जैन कोटखावदा, सुदीप बगड़ा, विपिन खिंदुका, डॉक्टर राकेश जैन, नवीन बिल्टी वाला उपस्थित रहे। अभी तक लगे 13 शिविरों की उपलब्धि 92 जरुरतमंद जैन साधर्मी बन्धुओं को राशि 6,30,000/- की समाज लोगों के सहयोग से मदद की जा चुकी है।

**जरूरी खबर**

## महिलाओं ने भगवा ध्वज संग निकाली कलश यात्रा



**चाकसू।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, सुभाषचंद्र बोस प्रौढ़ शाखा चाकसू में रविवार को शाखा का ध्वज प्रदान कार्यक्रम हुआ। इसमें बैंड-बाजे के साथ प्राचीन सिद्धपीठ गणेशपुरी धाम के महंत राजेन्द्र पुरी महाराज के सान्निध्य में महिलाओं ने भगवा ध्वज के साथ कलश यात्रा निकाली। संघ स्थान पर पहुंचकर स्वयं सेवकों, प्रांत प्रौढ़ कार्य प्रमुख ब्रजमोहन व राजेंद्र पुरी महाराज ने शाखा को ध्वज प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रांत प्रौढ कार्य प्रमुख ब्रजमोहन भी शामिल हुए।

## कुएं पर नहाने गए संत पर जरख ने किया हमला

**धौलपुर।** डांग क्षेत्र में प्राचीन सिद्ध बाबा मंदिर के संत पर जरख ने हमला कर दिया। फिलहाल उनका उपचार चल रहा है। वहीं, संत और सिद्ध बाबा के स्थान से जुड़े श्रद्धालुओं ने सुरक्षा की मांग की है। जानकारी के अनुसार कांसौटी खेड़ा से डांग क्षेत्र में करीबन 5 किलोमीटर की दूरी पर जंगल में कई 100 वर्ष पुराना प्राचीन सिद्ध बाबा का मंदिर है। मंदिर में संत गोविंद गिरी निवासी कांसौटी खेड़ा थाना सदर बाड़ी वर्षों से रह रहे हैं। संत गोविंद गिरी ने बताया कि अलसुबह वह प्रतिदिन की तरह पास के कुएं पर नहाने और पानी भरने गए थे। इस दौरान मंदिर के दूसरी तरफ जंगल से एक जरख ने आकर उनपर हमला कर दिया।

## भाजपा के छह मंडल अध्यक्षों को दी नियुक्ति



**चाकसू।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर जिला दक्षिण के अध्यक्ष राजेश गुर्जर ने चाकसू विधानसभा क्षेत्र के छह मंडल अध्यक्षों की घोषणा की है। इसके तहत चाकसू नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी, देहात मंडल के लिए किशनलाल धाभाई, शिवदासपुरा मंडल के लिए ज्ञानचंद मीणा, माधोराजपुरा मंडल के लिए दीपक कुमावत एवं कोटखावदा मंडल अध्यक्ष पद के लिए बनवारी लाल शर्मा तथा रेनवाल मांजी के लिए तेजपाल भाखर की घोषणा की है। नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का स्वागत करते हुए विधायक बैरवा, कृषि मंडी के पूर्व अध्यक्ष कैलाश शर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा, पार्षद त्रिवेणी श्याम शर्मा ने सभी को बधाई दी।

**चुनावी रण में वार-पलटवार तेज...** गजेंद्र सिंह शेखावत ने करण सिंह उचियारड़ा पर बोला जुबानी हमला

# काला चश्मा लगाकर घूम रहे, इसलिए नहीं दिख रहा विकास

**बेधड़क** | जोधपुर

जोधपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा पर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी को उनके 10 साल में कराए विकास कार्य नजर नहीं आ रहे हैं। इसके पीछे असल वजह यह है कि वो काला चश्मा पहनकर घूम रहे हैं। इसलिए उन्हें जोधपुर क्षेत्र में विकास कार्य नहीं दिख रहे हैं। दरअसल, कांग्रेस प्रत्याशी ने पिछले 10 साल में जोधपुर में कोई विकास कार्य नहीं कराने और



एयरपोर्ट का काम पूरा नहीं करने का आरोप लगाते हुए शेखावत पर हमला बोला था। इसके जवाब में रविवार को भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस उम्मीदवार करण सिंह उचियारड़ा को आड़े हाथ लिया।

उन्होंने कहा कि कुछ ऐसे भी लोग हैं, जिन्हें विकास दिखता ही नहीं है। ऐसे में उन्हें लगता है कि कांग्रेस प्रत्याशी काला चश्मा पहनकर घूम रहे हैं, इसलिए उन्हें विकास कार्य नहीं दिख रहे हैं। शेखावत रविवार को अपने प्रधान चुनाव कार्यालय के शुभारंभ के मौके पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपने चित-परिचित अंदाज में कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के जो मित्र चुनाव लड़ रहे हैं, कल मैंने कहीं सुना, वो कह रहे थे कि 40 साल से जोधपुर एयरपोर्ट का विकास नहीं हुआ। उन्हें शर्म आती थी, जब वो एयरपोर्ट पर आते थे। जोधपुर एयरपोर्ट इतना छोटा क्यों है? ऐसे में मैं कांग्रेस के मित्र से कहना चाहता हूं कि मुझे आए 10 साल हुए हैं। मुझसे पहले आपके भाई साहब थे। दो बार मुख्यमंत्री भी रहे। पांच बार सांसद रहे। तीन बार केंद्र में मंत्री भी थे, फिर दोषी कौन है? उनसे जाकर पूछना चाहिए कि इतने वर्षों से एयरपोर्ट क्यों नहीं बना? केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री का अभिनंदन करता हूं कि देश में 10 साल पहले जितनी एयरपोर्ट थे, आज उसके दोगुने एयरपोर्ट बन गए हैं। उत्तर भारत में जितने एयरपोर्ट होते थे, उतने तो आज केवल उत्तर प्रदेश में बन गए हैं। जोधपुर एयरपोर्ट को हम विश्वस्तरीय बना रहे हैं।

### पूर्ववर्ती गहलोत सरकार पर साधा निशाना

शेखावत ने विपक्षी प्रत्याशी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें रास्ते में जाते हुए रिंग रोड नहीं दिखती होगी. जब वो रिंग रोड क्रॉस करते होंगे तो उनकी आंखें चौंधिया जाती होगी। शायद इसलिए उन्हें रिंग रोड के कार्य नहीं दिख रहे होंगे। वो फलोदी भी इसी रोड से होकर गए होंगे। शेखावत ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी कह रहे हैं कि जोधपुर में पानी नहीं पहुंचा। खैर, संविधान में जल राज्य का विषय है। पानी पहुंचाने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है। पीएम मोदी ने योजना बनाई, राजस्थान को सबसे अधिक धनराशि आवंटित की गई, लेकिन तत्कालीन सरकार से पूछना चाहिए कि जल जीवन मिशन में राजस्थान नीचे से दूसरे नंबर पर क्यों है? इसमें दोष किसका है?

### समर्पित भाव से काम करने की जरूरत

केंद्रीय मंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि 2014 में आपने 5 लाख से अधिक वोटों से जीत दिलाई थी। पिछले चुनाव में जब पूरी सरकार खड़ी थी, तब भी आपने पौने तीन लाख वोटों से विजय दिलाकर सरकार को पराजित किया था। अब आपने अपने लिए बड़ा लक्ष्य तय कर लिया है। मुझे इसमें एक प्रतिशत भी संदेह नहीं है, लेकिन एक अपील करना चाहता हूं कि हम कहीं अति आत्मविश्वास में धोखा न खा जाएं। इसलिए कार्यकर्ताओं को 40 दिनों तक पीएम मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनने के लिए समर्पित भाव से काम करने की आवश्यकता है।

**AGTF, CID व पुलिस टीम ने दो तस्कर दबोचे,** संचालक फरार

# हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़... 20 कट्टे व 32 कारतूस बरामद

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले की मनिया थाना पुलिस, एजीटीएफ एवं सीआईडी की टीम ने शनिवार रात्रि को संयुक्त बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

दोनों हथियार तस्करों के कब्जे से 20 अवैध हथियार समेत 32 कारतूस बरामद किए हैं। फैक्ट्री संचालक मौके से फरार हो चुका है। मनिया थाना प्रभारी देवेश कुमार ने बताया लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए आईजी भरतपुर रेंज राहुल प्रकाश एवं धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देश में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया शनिवार रात्रि को एजीटीएफ एवं सीआईडी टीम को मुखबिर से गुप्त सूचना मिली कि थाना इलाके के मांगरोल गांव स्थित एक ढाबा पर दो हथियार तस्कर अवैध हथियार खरीद कर ला रहे हैं। इस सूचना पर विशेष पुलिस टीम का गठन कर मौके पर भेजा गया। पुलिस टीम ने मांगरोल गांव स्थित ढाबे पर पहुंचकर घेराबंदी कर हथियार तस्कर 50 वर्षीय इंद्रलाल निवासी भगतपुरा जौरा मध्य प्रदेश एवं 38 वर्षीय नरेंद्र सिंह निवासी हेमराज का अड्डा जिला भरतपुर को घेराबंदी कर दबोच लिया।



### बोरों में भरकर ले जा रहे थे हथियार


दोनों हथियार तस्करों के कब्जे से 20 अवैध हथियार के साथ 32 कारतूस बरामद किए गए हैं। बरामद किए गए हथियारों में 315 एवं 312 बोर के अवैध देसी कट्टा व पौना है। दोनों हथियार तस्कर प्लास्टिक के बोरों में हथियारों को भरकर तस्करी के लिए ले जा रहे थे। थाना प्रभारी देवेश कुमार ने बताया पूछताछ करने पर हथियार तस्करों ने डोंडी का पुरा गांव में नारायण सिंह के खेतों में बन रही झोपड़ी के अंदर हथियार फैक्ट्री संचालित होना बताया था। यहां पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। ऐसे में बदमाशों को संभलने तक का मौका नहीं मिला और पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

### पुलिस की भनक लगते ही संचालक फरार

दोनों तस्करों की निशानदेई पर पुलिस टीम डोंड का पुरा गांव रवाना की गई। वहीं पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही हथियार तस्कर नारायण सिंह खेतों में कूद कर फरार हो गया। पुलिस ने हथियार बनाने की फैक्ट्री से भारी तादाद में कट्टर, फनर, ड्रिल मशीन, वेल्डिंग मशीन, पेचकस, प्लास, ट्रिगर आदि हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार शुदा हथियार तस्कर इंद्रलाल एवं नरेंद्र सिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। दोनों हथियार तस्करों से पुलिस पूछताछ कर रही है। अनुसंधान में हथियार तस्करी के बड़े मामले खुल सकते हैं। वहीं फैक्ट्री संचालक नारायण सिंह के संभावित ठिकानों पर पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। थाना प्रभारी ने बताया फैक्ट्री संचालक को भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

**बीकानेर पुलिस ने की** बड़ी कार्रवाई

## झपट्टामार गैंग के तीन बदमाश गिरफ्तार, 45 फोन बरामद



**बेधड़क** | बीकानेर

जिला पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मोबाइल फोन छीनने वाली गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचाया। पुलिस ने आरोपियों के पास से 45 कीमती मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन आरोपियों ने शहर के कई इलाकों में से मोटर साइकिल चोरी करने की वारदात भी स्वीकार की हैं।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई 15 मोटर साइकिल के पाट्‌र्स बरामद किए हैं। प्रशिक्षु आईपीएस और सीओ सदर रमेश ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी जाहिर उर्फ बाबू उर्फ कप्तान निवासी सिक्कों का मोहल्ला, विश्वजीत और सोहिब उर्फ भोमा निवासी मुक्ताप्रसाद कॉलोनी के हैं। शहर में पिछले कई महीनों से लगातार मोबाइल फोन छीनने की घटनाएं सामने आ रही थीं। आईजी ओमप्रकाश के निर्देश पर पुलिस टीम गठित की गई। इस टीम ने पूर्व में चोरी करने वालों से पूछताछ की और संदिग्ध लोगों के बारे में सुचनाएं एकत्र की। इस पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी के 45 स्मार्टफोन, एक मोटरसाइकिल तथा मोटरसाइकिल के पाट्‌र्स बरामद किए गए हैं। आरोपियों से पूछताछ में शहर में विगत 1 वर्ष मे करीब 150 मोबाइल छीनने और 20-25 मोटरसाइकिल चुराने की वारदात करना कबूल किया है। तीनों आरोपियों से गहनता से अनुसंधान जारी है। हेड कांस्टेबल योगेन्द्र का इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आईपीएस प्रशिक्षु और सीओ सदर रमेश ने बताया कि ये पहले से निगाह रखते थे कि उनके शिकार के पास 5जी या एडवांस मोबाइल है। फिर तेज गति में बाइक से आकर उनका मोबाइल झपट कर फरार हो जाते थे।

**स्पोर्ट्स एंड कल्चरल मीट** 'एरिना 2024' का समापन

## भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर

**बेधड़क** | भानपुर कलां

दिल्ली रोड स्थित एमवीजीयू में शनिवार को देर शाम सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग मंत्री अविनाश गहलोत के मुख्य आतिथ्य एवं चेयरपर्सन केएल मीना की अध्यक्षता में इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स एंड कल्चरल मीट 'एरिना 2024' का समापन हुआ।

इस मौके पर मुख्य अतिथि गहलोत ने कहा कि अच्छा काम करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी याद रखेगी कि हमारे पूर्वज ऐसे कर्मयोगी थे जिन्होंने समाज के लिए अच्छा काम किया था। आने वाला समय निश्चित ही



21वीं सदी का भारत विश्व गुरु के शिखर पर पहुंचने के लिए अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमने विश्व की सबसे बड़ी पांचवी अर्थव्यवस्था के रूप में भारत को खड़ा किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए चेयरपर्सन मीना ने कहा कि करीब 30 साल पहले निजी क्षेत्र में कोई संस्थान नहीं होने इसे बच्चों को पढ़ाई के लिए साउथ में जाना पड़ता था। आज राजस्थान में निजी क्षेत्र में शिक्षण संस्थाओं का क्रेज है। इस दौरान अतिथियों द्वारा खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अव्वल आने वाले टीमों व प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। चेयरपर्सन केएल मीना व राजस्थान डेन्टल कॉंसिल के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष व मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. विकास जैफ व डॉ. विशाल जैफ ने अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रेसिडेंट डॉ. मनोहर भट्ट, डॉ. योगेश यादव, कैप्टन वीएस राघव सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**चुनाव की घोषणा होते ही सरगर्मियां तेज,** राजनीतिक पार्टियां रणनीति में जुटी

## बैठक में लोस चुनाव को लेकर किया मंथन

**बेधड़क** | चाकसू

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाकसू की ओर से बैठक आयोजित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के चाकसू अध्यक्ष भरतलाल मीणा ने की। रविवार को एक विवाह स्थल में हुई बैठक में पूर्व विधायक वेदप्रकाश सोलंकी ने लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने सहित कांग्रेस संगठन की




मजबूती पर विचार व्यक्त किए। साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव का फीडबैक लिया और आगामी 19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भरतलाल मीणा ने बताया कि बैठक में कांग्रेस ब्लॉक के सभी पदाधिकारियों और वार्ड अध्यक्षों ने अपने-अपने वार्डों की रिपोर्ट पेश की। इसके साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विधानसभा चुनाव 2023 में जहां कोई कोताही बरती गई या फिर कार्यकर्ताओं द्वारा जहां कोई कमी देखने को मिली उसका भी फीडबैक लिया गया। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभा समाप्ति के पूर्व सभी कांग्रेसजनों ने हाथ उठाकर लोकसभा चुनाव हर हाल में जीतने का आह्वान किया गया है। इस मौके पर नगरपालिका पूर्व चेयरमैन अब्दुल हमीद खोखर, जिला पार्षद जयनारायण अमावता सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**13 जिलों के विजेताओं की घोषणा**

# ईआरसीपी स्वीकृति धन्यवाद क्विज-2024 में सहभागी बने 30 लाख लोग

**बेधड़क** | जयपुर

ऑन जयपुर। पूर्वी राजस्थान की जीवनदायनी ईआरसीपी की स्वीकृति के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद के लिए पानी वाले बाबा रामनिवास मीना और युवा आईकॉन रविन्द्र मीना की अभिनव पहल ईआरसीपी स्वीकृति धन्यवाद क्विज-2024 प्रतियोगिता में पूर्वी राजस्थान के 30 लाख लोग सहभागी बने।

इस प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा कर दी गई है। पानी वाले बाबा रामनिवास मीना और युवा आईकॉन रविन्द्र मीना ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईआरसीपी की स्वीकृति के रूप में पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के लोगों के लिए बड़ी सौगात



दी है। डबल इंजन की सरकार की इस बड़ी उपलब्धि से पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के निवासी आमजन को जोड़ने के लिए उन्होंने ईआरसीपी स्वीकृति धन्यवाद क्विज-2024 प्रतियोगिता प्रारंभ की थी। यह ऑनलाइन प्रतियोगिता वेबसाइट ramniwasmeena.com पर 4 मार्च को लॉन्च की गई। एक सप्ताह यानि 10 मार्च तक चली इस प्रतियोगिता के लिए प्रारंभ से ही 18 साल से अधिक आयु के सभी वर्ग के लोगों ने बड़ा उत्साह दिखाया। करीब 3 लाख से अधिक प्रतियोगियों ने अपने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए और ईआरसीपी से संबंधित 50 सवालों के जवाब दिए। बड़ी बात यह रही कि इस दौरान 30 लाख लोगों ने बेवसाइट विजिट किया और बेवसाइट पर उपलब्ध ईआरसीपी से संबंधित पाठ्य सामग्री का अध्ययन किया। पानी वाले बाबा रामनिवास मीना और युवा आईकॉन रविन्द्र मीना ने ईआरसीपी के लिए बेवसाइट विजिट करने वाले सभी 30 लाख लोगों और प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी 3 लाख लोगों को धन्यवाद देते हुए सभी विजेताओं को बधाई दी है।

### विजेताओं को मिलेंगे ये उपहार

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत ने बताया कि इस प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी प्रतियोगियों के जवाबों की जांच के बाद विजेताओं की घोषणा गई है। जिला स्तर पर विजेता को मोटरसाइकिल, उपविजेता को लेपटॉप, तृतीय विजेता को स्मार्ट फोन और जिला स्तर पर ही 100 सफल प्रतियोगियों को चांदी के सिक्के दिए जाएंगे। इस प्रकार 13 जिलों में 13 विजेताओं को मोटरसाइकिल, 13 उपविजेताओ को 13 लेपटॉप, 13 तृतीय विजेताओं को 13 स्मार्ट फोन और 1300 सफल प्रतियोगियों को 13 हजार चांदी के सिक्के दिए जाएंगे। इन पुरस्कारों का वितरण शीघ्र ही किया जाएगा। प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतियोगियों को डिजिटल प्रोत्साहन प्रमाण पत्र भी दिए जा रहे हैं, जिन्हें प्रतियोगी उक्त बेवसाइट पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं।

### ये हैं 13 जिलों के ईआरसीपी चैंपियन

**दौसा**- दिनेश कुमार सैनी आलूदा प्रथम, मुकेश कुमार सैनी बहरावड़ा द्वितीय, लालू प्रसाद बैरवा श्रीरामपुरा तृतीय।
**अलवर**- राहुल कुमार अहीर गुनसार प्रथम, हरिओम मीना कुट्टीन सादवास द्वितीय महेश कुमार मीना कुट्टीन सदवास तृतीय।
**जयपुर**- नवरतन कुमार सेठी केकरी प्रथम, गोपाल लाल यादव दुर्गा का वास द्वितीय, ऋषभ जैन वार्ड नंबर 11 जोबनेर तृतीय।
**अजमेर**- नरसीराम जाट रूपनगढ़ पानेर प्रथम, मधु चौधरी बेगलियावास मसूदा द्वितीय, आशीष कुमार, देलवाड़ा तृतीय।
**टोंक**- गिर्राज सैनी डांगरथल प्रथम, प्रशांत मीना गोविंदपुरा खानवाला द्वितीय, मनीषा देवी रमजान गंज रूपपुरा तृतीय।
**सवाई माधोपुर**- रसपाल मीना सिरसाली डावर प्रथम, महेश गुर्जर एवरा द्वितीय, गोपाल लाल शर्मा पिपलाई तृतीय।
**धौलपुर**- यश वर्मा मिलकपाडा बाड़ी प्रथमं, रोहित सिंह भीमनगर सरमथुरा द्वितीय, राजबहादुर सिंह दिनकटा तृतीय।
**करौली**- हितेश कुमार गर्ग गुढाचंद्रजी प्रथम, विजेंद्र मीना सालावाद द्वितीय, सोनू कुमार मीना लाईपुर मान्नोज तृतीय।
**भरतपुर**- निशा जैन रणजीत नगर भरतपुर प्रथम, बबीता कुमारी प्रजापत कैर भारतपुर द्वितीय, नितेश उपाध्याय डीग तृतीय।
**कोटा**- निक्की मेहरा वार्ड नंबर 20 प्रथम, नरेन्द्र करेलिया चेचट दौलीखल्ला द्वितीय, विमल जायसवाल लाडपुरा तृतीय।
**बूंदी**- नरेश कुमार गोयल वार्ड नंबर 18 देई प्रथम, अक्षिता सोनी बूंदी द्वितीय, खुशबू शर्मा इंद्रगढ़ मोहनपुरा तृतीय।
**बारां**-सुखबीर मीणा शीशवाली प्रथम, साधना कुमारी मेघवाल पिपलाया जागीर खोपर द्वितीय, अजय सैन वार्ड 23 अंता तृतीय।
**झालावाड़**- गोविंद सिंह सोदिया मोगरा प्रथम, दिनेश कुमार लोधा पदलिया सोरती द्वितीय, गौरव हरदेनिया, झालावाड़ तृतीय।

**ICFAI विश्वविद्यालय, जयपुर का भव्य दीक्षांत समारोह:** डिग्रियां आई हाथ में चेहरे पर नजर आई खुशी

# मेधावी छात्रों को वितरित किए स्वर्ण और रजत पदक

■ छात्रों को भारत के विकास में अहम भूमिका निभाने को प्रेरित किया

**बेधड़क** | जयपुर

आईसीएफएआई विश्वविद्यालय का चौथा दीक्षांत समारोह रविवार को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईसरो के पूर्व अध्यक्ष ए.एस. किरण कुमार थे। दीक्षांत समारोह में प्रोफेसर डॉ.आर. पी. कौशिक आईसीएफएआई विवि के चेयरमैन, प्रोफेसर डॉ. एच पी सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रबंधन बोर्ड और अकादमिक परिषद के सदस्यों की उपस्थिति रही। समारोह में सैकड़ों छात्रों को पीएच.डी, एमबीए, एमसीए, बीबीए, बी.कॉम (ऑनर्स) बी.टेक., बीसीए, बी.एससी., (ऑनर्स) बी.ए-एलएलबी (ऑनर्स), बीबीए-एलएलबी (ऑनर्स) और एलएलबी कार्यक्रम की डिग्रियां प्रदान की गईं। मेधावी छात्रों को उनके प्रदर्शन के लिए स्वर्ण और रजत पदक से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने छात्रों को बधाई दी और छात्रों को भारत के विकास में अहम भूमिका निभाने को प्रेरित किया।




### विवि शिक्षण के अनुकूल माहौल को बढ़ावा देने को समर्पित



विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन प्रो. (डॉ.) आर.पी. कौशिक ने सभी छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एच पी सिंह वीएसएम ने विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की और कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। विश्वविद्यालय, एक अनुकूल शिक्षण माहौल को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है जो नवाचार, महत्वपूर्ण सोच और समग्र विकास को प्रोत्साहित करता है। दीक्षांत समारोह न केवल शैक्षणिक प्रयासों की परिणति का प्रतीक है, बल्कि व्यवसायिक दुनिया में कदम रखने वाले स्नातकों के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत भी है। समारोह का समापन रजिस्ट्रार द्वारा हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यूनिवर्सिटी के जोनल हेड राकेश ऋषि शर्मा ने समस्त विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

### MNIT छात्र गेट आर्किटेक्चर-24 में टॉप पर



**जयपुर।** मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनआईटी) जयपुर के अंतिम वर्ष के बी.आर्क छात्र, उत्कर्ष खंडेलवाल ने प्रतिष्ठित गेट आर्किटेक्चर 2024 परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक (एआईआर) 37 हासिल की है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनकी लगन और कड़ी मेहनत का प्रमाण है, और उन्हें देश के शीर्ष 1% गेट आर्किटेक्चर परीक्षार्थियों में स्थान देता है। गेट (ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) द्वारा इंजीनियरिंग और वास्तुकला में स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित एक अत्यंत प्रतिस्पर्धी परीक्षा है। यह IIT और NIT जैसे प्रमुख संस्थानों में प्रवेश के लिए द्वार का काम करता है। यह विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों (PSUs) और निजी कंपनियों में भर्ती के लिए भी एक द्वार है।

उत्कर्ष की सफलता उनके परिवार, दोस्तों, शिक्षकों और एमएनआईटी के जूनियर्स और सीनियर्स के निरंतर विश्वास और समर्थन के कारण है। उनकी लगन और उपलब्धियां देश भर के आकांक्षी आर्किटेक्ट और इंजीनियरों के लिए प्रेरणा का काम करती हैं।

#### उत्कर्ष खंडेलवाल के बारे में:

- एमएनआईटी जयपुर में अंतिम वर्ष के बी.आर्क के छात्र
- गेट आर्किटेक्चर 2024 में एआईआर 37 हासिल किया
- स्थिरता, भवन विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति जुनूनी
- जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए वास्तुकला का उपयोग करने की इच्छा रखते हैं।

**सेलिब्रिटी परफोर्मेंस संग** वीजीयू का एनुअल मेगा फेस्ट 'पनाश 24' संपन्न

# मशहूर कॉमेडियन गुरलीन पन्नू ने लाइव शो में खूब गुदगुदाया

■ कलाकारों ने सुर-संगीत और गायकी से बिखेरी सुरों की जादुई सरगम

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान की प्रथम नेक-ए-प्लस मान्यता प्राप्त प्राइवेट यूनिवर्सिटी विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित चार दिवसीय एनुअल मेगा फेस्ट 'पनाश 24' शनिवार शाम को पुरस्कार समारोह और सेलिब्रिटी नाइट लाइव शो के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देश की मशहूर व उभरती कामेडी क्वीन गुरलीन पन्नू ने अपने तीखे तंजों के साथ शानदार अंदाज में कामेडी का खूब धमाल मचाया। उन्होंने एक से बढकर एक मनोरंजक गुदगुदाते व्यंग्य का तडका लगाकर दर्शकों को हंसाकर लोटपोट कर दिया। इस अवसर पर वीजीयू के चेयरपर्सन एवं पूर्व आईएएस डा ललित के.पंवार, वीजीयू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ((सीईओ) इंजी. ओंकार बगरिया ने 'पनाश 24' इवेंट में आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं में विजेता रहे विद्यार्थियों और शिक्षकों और स्टाफ को ट्राफी और नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।



### ज्ञान का उपयोग हो सामाजिक कल्याण में: पंवार

इस अवसर पर अपने संबोधन में वीजीयू के चेयरपर्सन एवं पूर्व आईएएस डॉ. ललित के. पंवार ने कहा कि इस तरह के आयोजन युवा दिमागों को अपने नवीन विचारों, प्रतिभा और कौशल को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने ज्ञान और तकनीकी कौशल का उपयोग सामाजिक कल्याण और मानवता के लिए करना चाहिए। वीजीयू के सीईओ इंजीनियर ओंकार बागरिया ने ऐसे छात्र-केंद्रित कार्यक्रमों के आयोजन के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि पनास एक सांस्कृतिक-सह-खेल सालाना महोत्सव है, जो वीजीयू में युवाओं की प्रतिभा और सपनों का निर्माण, पोषण और आकार देता है। यूनिवर्सिटी हमेशा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव विविधता और उत्कृष्टता की भावना का प्रतीक है, जो छात्रों और शिक्षकों के बीच समुदाय और सौहार्द के साथ स्पर्धा भावना और को बढ़ावा देता है। उन्होंने आयोजन को अभूतपूर्व रूप सफल बनाने के लिए सभी फैकल्टी, स्टाफ सहित सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।



#### 2 लाख रुपए के नकद पुरस्कार

इस अवसर अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों के पुरस्कार, जैसे ओवर ऑल रोलिंग ट्रॉफी, सर्वश्रेष्ठ टीम, उच्चतम भागीदारी, सर्वश्रेष्ठ अनुशासन और 9 सर्वश्रेष्ठ श्रेणी की ट्रॉफियां, साथ ही प्रतियोगिताओं के विजेताओं को कुल 2,00,000 रुपए के नकद पुरस्कार वितरित किए गए। चार दिवसीय वार्षिक महोत्सव में 50 से अधिक स्पर्धाएं आयोजित हुईं, जिनमें 100 से अधिक टीमों और 50,000 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

#### ये हुए स्पोर्ट्स इवेंट

इसी प्रकार स्पोर्ट्स इवेंट में एथलेटिक्स, बॉक्स क्रिकेट, वॉलीबाल, बास्केट बॉल और टेबल टेनिस स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने न केवल जीतने के लिए पूरा दमखम लगाया, बल्कि खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया और टीम भावना व आपसी सौहार्द कार संदेश दिया। इससे पहले डीजे नाइट में देश के टाप डीजे सारटेक ग्रुप और गायक कलाकार गुरनजर चत्था ने राकिंग परफोर्मेंस से माहौल में सुरीला समां बांध दिया, जिसमें उन्होंने ड्रम और गिटार पियानो आदि की जुगलबंदी से सुरीले संगीतमयी प्रस्तुतियों देकर अपनी गायकी का बखूबी रंग जमाया।

#### यह हुआ 'पनास' में

पनास 24 कार्यक्रम की शुरुआत 13 मार्च को एक एथनिक वॉक कार्यक्रम के साथ हुई, जिसमें देश की सांस्कृतिक विविधता का प्रदर्शन किया गया, रंग बिरंगी विविध वेशभूषा पहने छात्रों ने अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। नाइजीरिया, जिम्बाब्वे, सूडान और विभिन्न भारतीय राज्यों के छात्रों ने प्रतिनिधित्व किया। वहीं, शिक्षकों ने भी विभिन्न राज्यों की पोशाक पहनकर एथनिक वॉक-इन में भाग लिया। इस अवसर पर फैशन शो, रैम्प वाक, नुक्कड नाटक, फूड फेस्टिबल, जीवन कौशल कार्यक्रम, जैसे फोटोग्राफी, व्लॉगिंग, रचनात्मक लेखन, ई-गेमिंग इवेंट, पेंटिंग, म्यूजिकल चेयर, रंगयान, लाइफ स्किल, फन गेम्स में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी प्रकार म्युजिक इवेंट बुग्गी स्कवड और नृत्योत्सव में बॉलीवुड और हॉलीवुड डांस की दिलकश सुरमयी प्रस्तुतियों ने समूचे दर्शकों को थिरकने को मजूबर कर दिया। म्यूजिक की सुमधुर सुरों के बीच पारंपरिक और वैस्टन परिधानों में प्रतियोगियों रेम्प वाक किया ।

**10वीं 'अंतरराष्ट्रीय कानून मूट कोर्ट प्रतियोगिता' का समापन**

# मूट कोर्ट कानूनी शिक्षा का अभिन्न पहलू: पूर्व जस्टिस अनिल सिन्हा



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के सीडलिंग स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस में 10वीं प्रोफेसर वीएस मणि मेमोरियल इंटरनेशनल लॉ मूट कोर्ट प्रतियोगिता का तीन दिवसीय कार्यक्रम आज संपन्न हुआ, जिसमें लगभग पांच लाख के नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में नेपाल सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस अनिल कुमार सिन्हा, भारतीय कानून संस्थान, नई दिल्ली के वरिष्ठ प्रोफेसर एस शिवकुमार, विधि आयोग सदस्य जस्टिस एनके जैन उपस्थित थे।

पूर्व न्यायाधीश अनिल कुमार सिन्हा अपने संबोधन में कहा कि कानून शिक्षा में मूट कोर्ट बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और वकालत कौशल सीखने के लिए मूटिंग पहला मंच है। हाल के वर्षों में, मूट कोर्ट कानूनी शिक्षा का एक अनिवार्य हिस्सा बनकर उभरा हैं।

यह गतिविधि छात्रों को अदालत कक्ष के अनुरूप वातावरण में उजागर करके व्यापक शोध और सटीक तर्क के लिए अपने कौशल को तेज करने का अवसर देती है। प्रोफेसर एस शिवकुमार ने अपने संबोधन मे कहा कि मूट कोर्ट अभ्यास के महत्व और आज के समकालीन कानूनी क्षेत्र में इसकी प्रासंगिकता पर ध्यान केंद्रित किया।

जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी चांसलर डॉ. संदीप बख्शी ने इस प्रतिष्ठित आयोजन के लिए कहा, की "भारतीय कानूनी कौशल अद्वितीय है और ऐसे मूट कोर्ट का उद्देश्य उन्हें और अधिक विकसित करना है।"


उन्होंने मूट कोर्ट प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों से दुनिया के प्रतिष्ठित कानूनी पेशेवर बनने का लक्ष्य रखने का आग्रह किया।इस मूट कोर्ट प्रतियोगिता में गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, गांधीनगर, एसएलएस, नागपुर, एसएलएस, पुणे, ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, नई दिल्ली, मारवाड़ी यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद, केएलई विश्वविद्यालय, बेंगलुरु, JIMSEMTC और IIMT संस्थान के लगभग 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**ईजाद** | IIT जोधपुर के शोधार्थियों ने तैयार किया प्रोटोटाइप

# जमीन, पानी और हवा में चलेगा हाईब्रिड मानवरहित व्हीकल

**बेधड़क** | जोधपुर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) जोधपुर के शोधकर्ताओं ने एक हाईब्रिड मानवरहित हवा पानी के नीचे वाहन के लिए एक नियंत्रण प्रणाली और डिजाइन बनाया है। जमीन और पानी में काम करने वाले हाईब्रिड वाहन, जो समुद्र तटों और नदियों पर तेल रिसाव का मानचित्रण करने के साथ-साथ पानी के नीचे कटाव और प्रदूषक फैलाव का आकलन करते हैं, उनकी कार्यप्रणाली बहुत क्रिटिकल होती है। आईआईटी के शोधकर्ताओं का अनुसंधान इन वाहनों को अधिक सक्षम और कुशल बनाने के साथ-साथ लाइफगार्ड बचाव प्रयासों, पानी के नीचे और हवाई



फोटोग्राफी जैसे उनके उद्देश्यों के लिए अधिक उपयुक्त बनाने में मदद करेगा। प्रोटोटाइप को AIR-23 रोबोटिक्स में प्रगति पर छठे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की कार्यवाही (AIR) में प्रदर्शित किया गया था। रोबोट को स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए टीम ने गणितीय मॉडलिंग और सिमुलेशन अभ्यास आयोजित किए।

जटिलता को कम करने के लिए, प्रोटोटाइप एक क्वाडरोटर डिज़ाइन मानता है, जो चार रोटार वाला एक हेलीकॉप्टर है। क्वाडरोटर की ऊपरी परत हवा में चलती है, जबकि निचली परत पानी के नीचे चलने के लिए एक्वा प्रोपेलर का उपयोग करती है। किसी प्रणाली का गणितीय मॉडल उसके वास्तविक स्वरूप से भिन्न होता है। शोधकर्ताओं ने एक नियंत्रक विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जो सिस्टम के कार्यों में अनिश्चितता से निपटेगा।

#### एन्हिंगास पक्षी से प्रेरित है डिजाइन

यह प्रणाली एन्हिंगास से प्रेरित थी, जो एक पक्षी प्रजाति है जो जमीन और पानी के नीचे दोनों जगह चलने में सक्षम है। अनुसंधान टीम ने विभिन्न घटकों और वॉटरप्रूफिंग का उपयोग करके एक 3डी-मुद्रित प्रोटोटाइप विकसित किया। प्रोटोटाइप को हवा, पानी की सतह और रिमोट कंट्रोल (आरसी) ट्रांसमिशन के माध्यम से पानी के नीचे की जांच की गई है। आईआईटी, जोधपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर जयंत कुमार मोहंता ने बताया कि यह प्रोटोटाइप सतह पर एक जहाज की तरह चल सकता है, हवा में उड़ सकता है और पानी में डूबे होने पर भी नेविगेट कर सकता है। इसकी उड़ान का समय 15 मिनट है और यह 8 घंटे तक पानी के भीतर रह सकता है। पिछले कुछ वर्षों में इस विषय में रुचि बढ़ रही है लेकिन यह तकनीक फिलहाल अमेरिका और चीन जैसे बहुत कम देशों के पास है। हम अपना स्वदेशी उत्पाद विकसित करना चाहते थे।

#### अनिश्चितता की रिस्क से निपटेगा कंट्रोलर

रोबोट को स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए टीम ने गणितीय मॉडलिंग और सिमुलेशन अभ्यास आयोजित किए। जटिलता को कम करने के लिए, प्रोटोटाइप एक क्वाडरोटर डिजाइन को मानकर काम करता है, जो चार रोटार वाला एक हेलिकॉप्टर है। क्वाडरोटर की ऊपरी परत हवा में चलती है, जबकि निचली परत पानी के नीचे चलने के लिए एक्वा प्रोपेलर का उपयोग करती है।किसी प्रणाली का गणितीय मॉडल उसके वास्तविक स्वरूप से भिन्न होता है। शोधकर्ताओं ने एक कंट्रोलर विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जो सिस्टम के कार्यों में अनिश्चितता से निपटेगा।

# रिपोर्ट: अनिद्रा से बिगड़ सकता है आपका स्वास्थ्य !



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

पर्याप्त निद्रा स्वास्थ्य व सेहत के लिए आवश्यक है। अभी गत वर्ष पहले ही फिलिप्स वार्षिक वैश्विक सर्वेक्षण की रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि दुनिया भर में तकरीबन 10 करोड़ लोग अनिद्रा की बीमारी से ग्रसित हैं। गत वर्ष दुनिया के 13 देशों (संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, पोलैंड, फ्रांस, भारत, चीन ऑस्ट्रेलिया, कोलंबिया, अर्जेंटीना, मैक्सिको, ब्राजील और जापान) के 15 हजार से अधिक व्यस्कों पर किए गए सर्वेक्षण रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ कि 80 प्रतिशत से अधिक लोग अनिद्रा बीमारी से अनभिज्ञ हैं। जबकि 30 प्रतिशत लोग नींद लेने और उसे बनाए रखने में दिक्कत महसूस करते हैं। इस रिपोर्ट से यह भी उद्घाटित हुआ कि देश की राजधनी दिल्ली में 67 प्रतिशत, कोलकाता में 60 प्रतिशत, बेंगलुरु में 59 प्रतिशत तथा चेन्नई 58 प्रतिशत लोग अनिद्रा के शिकार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में तकरीबन 19 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि सामान्य नींद के समय के साथ काम के घंटों का अतिव्यापित होना अनिद्रा का एक प्रमुख कारण है।

इसी तरह 32 प्रतिशत वयस्कों ने स्वीकार किया कि प्रौद्योगिकी भी एक प्रमुख नींद विकर्षण है। अमेरिका की राष्ट्रीय निद्रा फाउंडेशन के मुताबिक 30-40 प्रतिशत अमेरिकी वयस्कों का कहना है कि उनमें अनिद्रा के लक्षण हैं। चिकित्कों का कहना है कि अनिद्रा के कारण कई तरह की बीमारियां पनपती हैं और जीवन प्रत्याशा कम होने की भी संभावना बढ़ जाती है। 16 अध्ययनों के एक विश्लेषण में 10 लाख से अधिक प्रतिभागियों और 112,566 मौतों के अंतर्गत नींद की अवधि और मृत्युदर के बीच के संबंधों की जांच में पाया जा चुका है कि जो लोग रात सात से आठ घंटे सोते थे उनकी तुलना में कम सोने वाले व्यक्तियों में मृत्यु का खतरा 12 प्रतिशत ज्यादा होता है।

एक अन्य अध्ययन में 38 सालों से सतत निद्रा और मृत्यु दर के प्रभावों की जांच में पाया गया है कि सतत अनिद्रा से ग्रसित लोगों की मौत का जोखिम 97 प्रतिशत अधिक होता है। अनिद्रा का दुष्परिणाम यह होता है कि व्यक्ति में हीनता बढ़ती है और उसका यादाश्त कमजोर पड़ने लगता है। उसमें चिड़चिड़ापन इस हद तक बढ़ जाता है कि वह सामाजिक रूप से मिलना-जुलना बंद कर देता है। साथ ही थके होने और पर्याप्त नींद न लेने के कारण वाहन दुर्घटनाओं की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। भारत की बात करें तो यहां 66 प्रतिशत लोगों द्वारा स्वीकार किया जा चुका है कि अनिद्रा के कारण उनका स्वास्थ्य और तंदरुस्ती प्रभावित होने के साथ-साथ मानसिक अवसाद बढ़ा है। उल्लेखनीय है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही खुलासा कर चुका है कि भारत में मानसिक अवसाद के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं जिनके कई कारणों में से एक कारण अनिद्रा भी है।

> *“भारत में मानसिक अवसाद के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं जिनके कई कारणों में से एक कारण अनिद्रा भी है। गत वर्ष पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी शीर्षक 'डिप्रेशन एवं अन्य सामान्य मानसिक विकार-वैश्विक स्वास्थ्य आकलन' रिपोर्ट में कहा जा चुका है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत और चीन अवसाद से बुरी तरह प्रभावित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में मानसिक अवसाद से ग्रस्त लोगों की संख्या सर्वाधिक है।”*

गत वर्ष पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी शीर्षक 'डिप्रेशन एवं अन्य सामान्य मानसिक विकार-वैश्विक स्वास्थ्य आकलन' रिपोर्ट में कहा जा चुका है कि अन्य देशों के मुकाबले भारत और चीन अवसाद से बुरी तरह प्रभावित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण पूर्व एशिया और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में मानसिक अवसाद से ग्रस्त लोगों की संख्या सर्वाधिक है। आंकड़ों के मुताबिक भारत में 5.7 करोड़, चीन में 5.5 करोड़, बांग्लादेश में 63.9 लाख, इंडोनेशिया में 91.6 लाख, म्यांमार में 19.1 लाख, श्रीलंका में 8 लाख, थाइलैंड में 28.8 लाख तथा आस्टेलिया में 13.1 लाख अवसाद से ग्रसित लोग हैं। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में अवसाद से प्रभावित लोगों की कुल संख्या 32.2 करोड़ है, जिसमें 50 प्रतिशत सिर्फ भारत और चीन में ही हैं।

इस रिपोर्ट से यह भी खुलासा हो चुका है कि अवसाद के अलावा भारत और चीन में चिंता भी बड़ी समस्या है। भारत एवं अन्य मध्य आय वाले देशों में आत्महत्या के सबसे बड़े कारणों में से एक चिंता भी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब 3.8 करोड़ लोग चिंता जैसी समस्या से ग्रसित हैं। पुरुषों के मुकाबले महिलाओं में अवसाद सबसे ज्यादा पाया गया है। देश में बढ़ते अवसाद को ध्यान में रखकर ही गत वर्ष केंद्र सरकार ने संसद में मानसिक स्वास्थ्य देखरेख विधेयक 2016 पर मुहर लगाई, जिसमें मानसिक अवसाद से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य देखरेख एवं सेवाएं प्रदान करने एवं ऐसे व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण करने का प्रावधान किया गया है। चूंकि भारत अशक्त लोगों के अधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र संधि का हस्ताक्षरकर्ता है लिहाजा उसकी जिम्मेदारी भी थी कि वह इस प्रकार के प्रभावी कानून गढ़ने की दिशा में आगे बढ़े। भारत ने भी इस दिशा में कदम बढ़ा सामुदायिक स्तर पर अधिकतम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की रचनात्मक और स्वागतयोग्य पहल तेज कर दी है। इस पहल से अवसाद से ग्रसित मरीजों के अधिकारों की तो रक्षा होगी ही साथ ही मानसिक रोग को नए सिरे से परिभाषित करने में भी मदद मिलेगी। मनोवैज्ञानिकों की मानें तो मनोभावों संबंधी दुख है और इस अवस्था में कोई भी व्यक्ति स्वयं का लाचार व निराश महसूस करता है। इस स्थिति से प्रभावित व्यक्ति के लिए सुख, शांति, प्रसन्नता और सफलता को कोई मायने नहीं रह जाता है। वह निराशा, तनाव और अशांति के भंवर में फंस जाता है। मनोचिकित्सकों का कहना है कि अवसाद के लिए भौतिक कारक भी जिम्मेदार हैं। इनमें कुपोषण, आनुवंशिकता, हार्मोन, मौसम, तनाव, बीमारी, नशा, अप्रिय स्थितियों से लंबे समय तक गुजरना इत्यादि प्रमुख है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## एक देश-एक चुनाव

# 2029 में संयुक्त चुनाव कराने की तैयारी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> *“एक साथ चुनाव के पक्ष में यह तर्क दिया जाता है कि देश प्रत्येक छह माह बाद चुनावी मोड पर आ जाता है, लिहाजा सरकारों को नीतिगत फैसले लेने में तो अड़चनें आती हैं, दूसरे नीतियों को कानूनी रूप में देने में अतिरिक्त विलंब भी होता है। यह तर्क अपनी जगह जायज है। वैसे भी राजनीतिक दलों की महत्ता तभी है जब वे नीतिगत फैसलों को अधिकतम लोकतांत्रिक बनाने के लिए अपने सुझाव दें।”*

साल 2029 में एक देश, एक चुनाव, यानी देश में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के साथ निकाय व पंचायत चुनाव भी एक साथ कराने की दिशा में केंद्र सरकार एक कदम आगे बढ़ गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने इस परिप्रेक्ष्य में अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को सौंप दी है। 7 माह की मेहनत मशक्कत से यह रिपोर्ट एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में सामने आई है। इसमें एक साथ चुनाव कैसे संभव होंगे, क्या क्या संविधान में संशोधन करने पड़ेंगे, इसका खाका खींच दिया है। अब इस रिपोर्ट में सुझाई गई सिफारिशों को विधेयक के रूप में संसद के दोनों सदनों से पारित कराने का काम नरेंद्र मोदी सरकार का है। ऐसी संभावना है कि इन सिफारिशों को कानूनी रूप देने के बाद अगले आम चुनाव में एक साथ चुनाव कराने का सिलसिला शुरू हो जाए। इस समय जिन राज्य सरकारों का कार्यकाल बचा होगा, वह लोकसभा चुनाव तक ही पूरा मान लिया जाएगा। वैसे भी आजादी के बाद 1952,1957,1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ साथ होते रहे हैं, लेकिन 1968 और 1969 में समय के पहले ही कुछ राज्य सरकारें भंग कर दिए जाने से यह परंपरा टूट गई। अब इस व्यवस्था को लागू करने के लिए संविधान में करीब 18 संशोधन करने होंगे। इनमें से कुछ बदलावों के लिए राज्यों की भी अनुमति जरुरी होगी।

यदि स्थानीय निकाय और पंचायत चुनाव भी साथ साथ होते हैं तो फिर मतदाता सूची तैयार निर्वाचन आयोग कराएगा। इस हेतु अनुच्छेद 325 में परिवर्तन करना होगा। साथ ही अनुच्छेद 324 ए में संशोधन करते हुए निगमों और पंचायतों के चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ करा लिए जाएंगे। संविधान के अनुच्छेद 368 ए के तहत इस संशोधन विधेयक को आधे राज्यों से भी पास करना जरूरी होगा। इसी अनुरूप केंद्र शासित प्रदेशों के लिए भी अलग से संविधान संशोधन की आवश्यकता पड़ेगी। इस रिपोर्ट से पहले संसदीय समिति भी देश में एक साथ चुनाव कराने की वकालात कर चुकी थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि यदि लोकसभा, विधानसभा, नगरीय निकायों और पंचायतों के चुनाव एक साथ होते हैं तो लंबी चुनाव प्रक्रिया के चलते मतदाता में जो उदासीनता छा जाती है, वह दूर होगी। एक साथ चुनाव में वोट डालने के लिए मतदाता को एक ही बार घर से निकलकर मतदान केंद्र तक पहुंचना होगा, अतएव मतदान का प्रतिशत बढ़ जाएगा। यदि यह स्थिति बनती है तो चुनाव में होने वाले सरकारी धन का खर्च कम होगा। 2019 के आम चुनाव में करीब 60,000 करोड़ खर्च हुए थे और 2024 के चुनाव में एक लाख करोड़ रुपए खर्च होने की उम्मीद है। एक साथ चुनाव में राजनीतिक दल और प्रत्याशी को भी कम धन खर्च करना होगा। दरअसल अलग-अलग चुनाव होने पर हारने वाले कई प्रत्याशी एक बार फिर किस्मत आजमाने के मूड में आ जाते हैं, वहीं विधायकों को भी लोकसभा चुनाव लड़ा दिया जाता है। ऐसी स्थिति में जो सीट खाली होती है, उसे फिर से छह माह के भीतर भरने की संवैधानिक बाध्यता के चलते चुनाव कराना पड़ता है। नतीजतन जनता के साथ-साथ प्रत्याशी को भी चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी उदासीनता झेलनी पड़ती है।

इस कारण सरकारी मशीनरी की जहां कार्य संस्कृति प्रभावित होती है, वहीं मानव संसाधन का भी ह्रास होता है। चूंकि संविधान के मुताबिक केंद्र और राज्य सरकारें अलग-अलग इकाइयां हैं। इस परिप्रेक्ष्य में संविधान में समानांतर किंतु भिन्न-भिन्न अनुच्छेद हैं। इनमें स्पष्ट उल्लेख है कि इनके चुनाव प्रत्येक पांच वर्ष के भीतर होने चाहिए। लोकसभा या विधानसभा जिस दिन से गठित होती है, उसी दिन से पांच साल के कार्यकाल की गिनती शुरू हो जाती है। इस लिहाज से संविधान विशेषज्ञों का मानना है कि एक साथ चुनाव के लिए कम से कम 18 अनुच्छेदों में संशोधन किया जाना जरूरी होगा।विधि आयोग, निर्वाचन आयोग, नीति आयोग और संविधान समीक्षा आयोग तक इस मुद्दे के पक्ष में अपनी राय दे चुके हैं। ये सभी संवैधानिक संस्थाएं हैं। यदि विपक्षी दल सहमत हो जाते हैं तो दो तिहाई बहुमत से होने वाले ये संशोधन कठिन कार्य नहीं हैं। अब जैसा कि लग रहा है 2024 में मोदी सरकार की लगभग फिर से सत्ता में बहाली हो रही है, टैब फिर 2029 के चुनाव एक साथ ही होंगे। इस दौरान ईवीएम समेत अन्य चुनावी उपकरणों की जरूरत पूरी कर ली जाएगी।

अनेक असमानताओं, विसंगतियों और विरोधाभासों के बावजूद भारत एक सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सूत्र से बंधा है। निर्वाचन प्रक्रिया राष्ट्र को एक ऐसी संवैधानिक व्यवस्था देती है, जिससे भिन्न स्वभाव वाली राजनीतिक शक्तियों को केंद्रीय व प्रांतीय सत्ताओं में भागीदारी का अवसर मिलता है। नतीजतन लोकतांत्रिक प्रक्रिया गतिशील रहती है, जो देश की अखंडता व संप्रभुता के प्रति जवाबदेह है। देश में मानव संसाधन सबसे बड़ी पूंजी है। गोया, यदि बार-बार चुनाव की स्थितियां बनती हैं तो मनुश्य का ध्यान बंटता है और समय व पूंजी का क्षरण होता है। इस दौरान आदर्श आचार संहिता लागू हो जाने के कारण प्रशासनिक शिथिलता दो-ढाई महीने तक बनी रहती है, फलतः विकास कार्य और जन-कल्याणकारी योजनाएं प्रभावित होती हैं। सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों को बार बार चुनाव ड्यूटी का मानसिक तनाव नहीं झेलना पड़ेगा।इन सब मुद्दों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दूसरे कार्यकाल के आरंभ से ही 'एक देश, एक चुनाव' की पैरवी कर रहे हैं, इसी दिशा में इस पहल को अमलीजामा पहनाने की कवायद कहा जा सकता है।

कुछ विपक्षी दल एक साथ चुनाव के फेबर में शायद इसलिए नहीं हैं, क्योंकि उन्हें आशंका है कि ऐसा होने पर जिस दल ने अपने पक्ष में माहौल बना लिया तो केंद्र व ज्यादातर राज्य सरकारें उसी दल की होंगी? जैसे कि सत्रहवीं (2019) लोकसभा के चुनाव में राष्ट्रवाद की हवा के चलते भाजपा नेतृत्व वाले राजग को बड़ा जनादेश मिला। ऐसे में यदि विधानसभाओं के भी चुनाव हुए होते तो कांग्रेस समेत क्षेत्रीय दलों का भी सूपड़ा साफ हो गया होता? हालांकि ऐसा हुआ नहीं। इस बार लोकसभा चुनाव के साथ ओडिशा, आंध्र-प्रदेश, सिक्किम, तेलंगाना और अरुणाचल प्रदेश में भी चुनाव हुए थे, इनमें परिणामों में भिन्नता देखने में आई है। लिहाजा यह दलील बेबुनियाद है कि एक साथ चुनाव में क्षेत्रीय दल नुकसान में रहेंगे।

बार-बार चुनाव की स्थितियां निर्मित होने के कारण सत्ताधारी राजनीतिक दल को यह भय भी बना रहता है कि उसका कोई नीतिगत फैसला ऐसा न हो जाए कि दल के समर्थक मतदाता नाराज हो जाएं। लिहाजा सरकारों को लोक-लुभावन फैसले लेने पड़ते हैं। वर्तमान में अमेरिका सहित अनेक ऐसे देश हैं, जहां एक साथ चुनाव बिना किसी बाधा के संपन्न होते हैं। गोया, भारत में भी यदि एक साथ चुनाव की प्रक्रिया 2029 से शुरू हो जाती है तो केंद्र व राज्य सरकारें बिना किसी दबाव के देश व लोकहित में फैसले ले सकेंगी। सरकारों को पूरे पांच साल विकास व सुशासन को सुचारू रूप से लागू करने का अवसर मिलेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## व्यंग्य

# आधी हकीकत और आधा अफसाना



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

उन्होंने कहा कि आपने दूसरों को बहुत छीला है, जरा व्यंग्य के नजरिये से अपने आप को भी देख लिया कीजिए। बात खरी थी, इसलिए अंतस में चुभ गई। तत्काल निर्णय ले लिया कि अब मैं व्यंग्य लेखन में अपने आप को भी नहीं छोड़ूंगा। एकदम निस्पृह भाव से अंदर झांक कर देखा तो तमाम तरह के व्यंग्य के अनगिनत विषय धड़ाधड़ मिलते गए। लिखने के पहले यह विचार आया कि यदि अपने आप को ही बेनकाब कर दूंगा, तो भला सोसायटी में मेरी क्या स्थिति बन जाएगी ! लेकिन फिर भी कलम के प्रति ईमानदारी बरतते हुए मैंने अपने आप पर केंद्रित विषय का चयन कर उस पर कलम के जौहर दिखलाने का तय कर लिया। मैं लिखने बैठा तो लिखता ही चला गया। अपना लिखा हुआ इतना विस्तार पा गया कि यह संभव नहीं लगा कि कोई पत्र-पत्रिका इतने विस्तार से लिखे गए व्यंग्य को तवज्जो देगी। दरअसल हर पत्र-पत्रिकाओं में व्यंग्य का एक निश्चित स्थान रखने का चलन है। यह संभव नहीं लगा कि कोई पत्र-पत्रिका अपने पूरे अंक में मेरा लिखा व्यंग्य प्रकाशित कर सके। दरअसल इन्हें दूसरों का भी खयाल रखना होता है। लिहाजा यह तय किया कि अपने लिखे को एक व्यंग्य की पुस्तक के रूप में समाहित किया जाना चाहिए। यह सोचकर प्रकाशक से संपर्क किया। पुस्तक प्रकाशन को लेकर उनकी कुछ विशेष शर्त थी। जिसके अंतर्गत मुझे सारी पुस्तक खरीदने की बाध्यता थी।

अब अपुन ने लिख दिया है तो उसे कहीं न कहीं छपना तो चाहिए ही। यह सोचकर मैं उनकी सारी की सारी शर्तें मान ली। पुस्तक छप गई और आलोचकों की दृष्टि में उसे ठीक-ठीक दर्जा दिया गया। यहां बात खत्म नहीं हुई। दरअसल बात यहीं से शुरू हुई कि जान-पहचान वालों ने मेरी व्यंग्य की पुस्तक को गंभीरता से ले लिया। कुछ तथाकथित शुभचिंतकों ने तो यह ऐलान कर दिया कि यह लेखक का मृत्यु पूर्व बयान समझ लिया जाना चाहिए। इसका परिणाम यह हुआ कि मुझे सामाजिक तौर पर एक प्रकार से अप्रासंगिक मान लिया गया। मुझे ऐसा लगा कि मैं हमाम के भीतर की स्थिति में ही दुनिया वालों के सामने आ चुका हूं।

यहीं से तनाव बढ़ने लगा और मुझे मनोचिकित्सक की सेवाओं की आवश्यकता हुई। चिकित्सक ने सारा का सारा घटनाक्रम जानने और समझने के बाद सुझाया कि अब आप ऐसी पुस्तक लिखो, जिसमें अपने व्यक्तित्व और कृतित्व को लेकर ऐसा गुणगान हो कि जमाना सन्न रह जाए। बात मेरी समझ में आ चुकी थी। लिहाजा लिखते-लिखते आत्म स्तुति की ऐसी झड़ी लगा दी कि पढ़ने वाले पढ़ते ही रह जाए। मैंने यही किया। दूसरी पुस्तक छपने पर फिर उसे आलोचनात्मक नजरों से देखा गया। परिणाम यह आया कि पुस्तक की धज्जियां उड़ा दी गई। अब मैं हताश, निराश और परेशान अवस्था में कुछ तय नहीं कर पा रहा था कि करूं तो क्या करूं?

इस आधार पर मैं इस नतीजे पर पहुंचा कि कभी भी अपनी कमजोर नस दूसरे के हाथों में नहीं देना चाहिए। दरअसल जमाना बड़ा खराब आ चला है। आदमी की हजार अच्छाइयों को आपकी एक छोटी से छोटी गलती भी हवा में उड़ा सकती है। वैसे इस संदर्भ में चतुर सुजान का यह कहना है कि आजकल के जमाने में अपने पत्ते बंद रखकर ही चलना चाहिए। वैसे भी बंधी मुट्ठी लाख की होती है, लेकिन खुल जाने पर इसका एक निश्चित मोल होता है किंतु वह लाख तक नहीं पहुंचता। खैर।

अब मैं दूसरों पर निशाना साधने के लिए हर समय ताक में बैठा रहा करता हूं। अब मुझे समझ में आ रहा है कि दूसरों पर गुर्राने वाले की खाल अपने आप में बची रहती हैं। फिर उनकी खाल खींचने की हिमाकत कोई नहीं कर सकता।

## नॉलेज कॉर्नर: धूम्रपान रोकने के लिए इन शीर्ष देशों में सख्त कानून

# स्मोकिंग रोकने के लिए उठा रहे कदम

आमूमन लोगों का मानना है कि धूम्रपान से केवल स्मोक करने वालों को ही खतरा है। लेकिन ऐसा नहीं है। वल्र्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट की मानें तो स्मोकिंग हर साल साल 80 लाख से ज्यादा लोगों की जान ले लेती है। इनमें से 13 लाख वो लोग थे जो खुद स्मोक नहीं करते लेकिन सेकंड हैंड स्मोक यानी धुएं के संपर्क में आने से उनकी सेहत बिगड़ती है। स्मोकिंग की आदत से सांस लेने में दिक्कत होने से लेकर जानलेवा कैंसर के होने का खतरा भी रहता है। स्मोकिंग के खतरे को ध्यान में रखकर कई देशों ने अपने यहां कड़े कानून पास किए हैं। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं उन शीर्ष देशों के बारे में जहां धूम्रपान को लेकर सख्त कानून हैं...

### आयरलैंड में इंडोर स्मोकिंग पर रोक

29 मार्च, 2004 को आयरलैंड दुनिया का पहला ऐसा देश बना था जिसने वर्कप्लेस पर इंडोर स्मोकिंग पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। ये केवल ऑफिस तक सीमित नहीं था। कानून के दायरे में रेस्तरां और मनोरंजन स्थल भी आते थे। शुरूआत में कानून को लेकर आयरलैंड सरकार की आलोचना हुई, लेकिन इसके फायदे देखकर दुनियाभर के देशों ने इन नीतियों का अनुकरण किया है। वहीं पुर्तगाल का लक्ष्य 2040 तक 'धूम्रपान-



मुक्त पीढ़ीÓ बनाना है। पिछले साल वहां की संसद में एक बिल पेश किया गया था जिसके कानून बनने के बाद स्कूलों, विश्वविद्यालयों, अस्पतालों या खेल स्थलों जैसे पब्लिक बिल्डिंग, रेस्तरां और बार के बाहर स्मोकिंग पर बैन लग जाएगा। कानून के तहत 2025 से, केवल लाइसेंस वाले हवाई अड्डे की दुकानों को सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद बेचने की अनुमति दी जाएगी।

### कनाडा का लक्ष्य

कनाडा का लक्ष्य है कि अप्रैल 2025 तक सभी आकार की सिगरेटों पर ये चेतावनी लिखा होना अनिवार्य होगा। प्रशासन को उम्मीद है कि इस कदम से लोगों,विशेषकर युवाओं को धूम्रपान करने से रोकने में सफलता हासिल होगी। ऑस्ट्रेलिया के स्कूलों, ऑफिस बिल्डिंग, शॉपिंग मॉल और हवाई अड्डों जैसे पब्लिक प्लेस में स्मोकिंग करना गैर कानूनी है। देश में धूम्रपान-मुक्त कानूनों के लिए राज्य और क्षेत्रीय सरकारें मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। ये अपने स्तर पर ऐसे कानून लाते हैं जो लोगों को सेकंड-हैंड धुएं से बचाते हैं और लोगों को धूम्रपान छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

### यूनाइटेड किंगडम

*यूके में पीएम ऋषि सुनक एक नए कानून पेश करने पर विचार कर रहे हैं जो 1 जनवरी, 2009 के बाद पैदा हुए व्यक्तियों को इंग्लैंड में सिगरेट खरीदने से रोकेगा। इस तय तिथि के बाद पैदा हुए व्यक्तियों को सिगरेट या तंबाकू बेचना गैर-कानूनी होगा। इससे साल 2040 तक युवाओं में धूम्रपान को लगभग पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
नरेंद्र मोदी इलेक्टोरल बॉन्ड्स के नाम पर दुनिया का सबसे बड़ा वसूली रैकेट चला रहे थे।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
जो गलत करेगा चाहे कितना भी बड़ा आदमी हो पकड़ा जाएगा...।

### चुनाव के ऐलान के बाद आंध्र में गरजे पीएम मोदी, बोले- तीसरे कार्यकाल में होंगे बड़े निर्णय

# विकसित भारत के लिए इस बार 400 पार जाएगी एनडीए: प्रधानमंत्री

**एजेंसी** | पालनाडु (आंध्र प्रदेश)

चुनाव आयोग ने शनिवार को आम चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। चुनाव तारीखों के ऐलान के बाद पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश के पलनाडु में एनडीए गठबंधन की पहली रैली में शिरकत की। खास बात यह है कि इस रैली में पीएम मोदी के साथ ही एनडीए में शामिल टीडीपी के चीफ चंद्रबाबू नायडू और जन सेना पार्टी के चीफ पवन कल्याण भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने पलनाडु में रैली के दौरान एनडीए के अपने लक्ष्य 400 के पार को फिर से दोहराया। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश कह रहा है चार सौ पार।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए गठबंधन क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय प्रगति के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में हमारे सहयोगी लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे एनडीए की ताकत बढ़ रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण लंबे समय से आपके अधिकारों और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए



लगातार काम कर रहे हैं और एनडीए का लक्ष्य विकसित भारत के लिए विकसित आंध्र प्रदेश का निर्माण करना है। विकसित भारत के लिए इस बार एनडीए 400 पार जाएगी।'

### कांग्रेस पर साधा निशाना

पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए में हम सबको साथ लेकर चलते हैं, लेकिन दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी का एक ही एजेंडा है 'गठबंधन के लोगों को इस्तेमाल करो और फेंक दो।' उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस ने भले ही INDI गठबंधन बना लिया हो, लेकिन उनकी सोच वही है। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश कह रहा है 'अबकी बार 400 पार'। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हमारे सहयोगी लगातार बढ़ रहे हैं। एनडीए की ताकत बढ़ रही है। चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण लंबे समय से आपके अधिकारों और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए का लक्ष्य विकसित भारत के लिए विकसित आंध्र प्रदेश का निर्माण करना है।

### आंध्र को शिक्षा का केन्द्र बनाएंगे

पीएम मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश में केंद्र सरकार की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए जनता को एनडीए सांसदों और विधायकों को जिताना होगा। एनडीए के सभी सांसद और विधायक जनता के लिए बहुत मेहनत से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आंध्र को शिक्षा का केन्द्र बनाएंगे। ये मोदी की गारंटी है।

### आंध्र प्रदेश नशे का गढ़ बन गया है: पवन कल्याण

इससे पहले जन सेना पार्टी की अध्यक्ष पवन कल्याण ने दावा किया कि '2024 में भी एनडीए सरकार बनाएगी।' उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। पवन कल्याण ने वाईएसआर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जगन मोहन रेड्डी ने आंध्र प्रदेश को शराब और नशे का गढ़ बना दिया है। आंध्र प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में एनडीए यह पहली संयुक्त रैली है। आंध्र प्रदेश में 13 मई को एक चरण में लोकसभा और सभी विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे।

---

## सांसद देवेंद्र सिंह सपा छोड़ भाजपा में शामिल



**कासगंज**। लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। चुनाव के घोषणा के साथ ही सपा मुखिया अखिलेश यादव को बड़ा झटका लगा है। परिवार के बेहद करीबी रहे पूर्व सांसद देवेंद्र सिंह यादव ने उनका साथ छोड़ दिया है। अब वह भाजपा के पाले से बैटिंग करेंगे। अभी दो दिन पहले आगरा के दो विधायक सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। रविवार को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी कासगंज जिला पहुंचे। यहां उन्होंने सपा के पूर्व सांसद देवेंद्र सिंह यादव को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। बताया गया कि एक समय में देवेंद्र मुलायम सिंह परिवार के काफी करीबी रहे हैं। उनके पास राजीनिति का लंबा अनुभव है। वह 1976 से लेकर अभी तक विभिन्न चुनाव जीतकर बड़े पदों पर रह चुके हैं।

## घोषणा पत्र को लेकर CWC की बैठक 19 को

**नई दिल्ली**। कांग्रेस कार्य समिति 19 मार्च को होने वाली अपनी बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणापत्र पर चर्चा करेगी और इसे अंतिम रूप देगी। पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की भी 19 से 20 मार्च को बैठक होने की संभावना है, जिसमें 19 अप्रैल से शुरू होने वाले सात चरण के लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के शेष उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया जाएगा। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी की शीर्ष निर्णायक इकाई सीडब्ल्यूसी 19 मार्च को बैठक करेगी। बता दें कि कांग्रेस ने अब तक दो अलग-अलग सूचियों में कुल 82 उम्मीदवारों की घोषणा की है।

### मुंबई में इंडिया गठबंधन की महारैली

# ईवीएम के बिना मोदी नहीं जीत सकते चुनाव: राहुल

**एजेंसी** | मुंबई

लोकसभा चुनाव के ऐलान के बाद देश का सियासी पारी चढ़ने लगा है। रविवार को मुंबई में इंडिया गठबंधन की महारैली हुई। महारैली के दौरान I.N.D.I.A अलायंस के तमाम नेता एक मंच पर दिखाई दिए। मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित महारैली में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज, भाकपा (माले) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन शामिल हुईं।

रैली में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद रहे। रैली को संबोधित



करते हुए विपक्षी नेताओं ने भाजपा और एनडीए सरकार पर जमकर वार किए साथ चुनाव आयोग और ईवीएम मशीन को लेकर भी निशाना साधा। इस मौके पर राहुल गांधी ने कहा कि ईवीएम के बिना मोदी कभी चुनाव नहीं जीत पाएंगे। ये सब इस मशीन का खेल है। राजा की आत्मा EVM, CBI, ED, इनकम टैक्स में है। इसी के दम पर वो नेताओं को डराकर भाजपा में शामिल करा रहे हैं। कांग्रेस, शिवसेना, NCP-SCP के लोग यूं ही चले गए? वे सब डरकर बीजेपी में गए हैं। नरेंद्र मोदी मुखौटा है। जैसे बॉलीवुड के एक्टर-एक्ट्रेस है।

उनसे कुछ करने को कहा जाता है, वैसे ही मोदी हैं। उनकी 56 इंच की छाती नहीं है, खोखला व्यक्ति है। रैली में नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने ईवीएम को चोर करार दिया और कहा कि गठबंधन की सरकार बनने पर मशीन को हटा दिया जाएगा।

### मोदी के पास भ्रष्टाचार की मोनोपॉली है

राहुल गांधी ने रैली में कहा कि आज नरेंद्र मोदी के पास भ्रष्टाचार की मोनोपॉली है। इलेक्टोरल बॉन्ड का सिस्टम निकाला। यहां सड़कों पर एक्सटॉर्शन चलता है, वो (बीजेपी) सरकार में कर रहे हैं। कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट मिलता है, फिर वो सीधे इलेक्टोरल बॉन्ड खरीद लेते हैं। कंपनी को प्रॉफिट ही नहीं है और उससे ज्यादा पैसा वो बीजेपी को दे रही है। यहां मुंबई में किसी भी गुंडे को आप सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स पकड़ा दो। सरकार में यही हो रहा है। सीबीआई की एन्क्वायरी हुई और अडाणी जी को एयरपोर्ट मिल गया। ये चाहते हैं कि छोटे-छोटे दुकानदार खत्म हो जाएं। स्मॉल-मीडियम इंडस्ट्री ही तो चीन का मुकाबला करेगी। ये इसी को खत्म कर रहे हैं।

### भारत को अब एकता की जरूरत: स्टालिन



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कहा, भारत को अब एकता की जरूरत है। पीएम मोदी ने पिछले 10 वर्षों में सिर्फ 2 काम किए हैं- पहला 19 विदेश यात्राएं और दूसरा फेक प्रोपेगेंडा। हमें अब इसे रोकना होगा। यह हमारा एजेंडा है।"मुंबई के शिवाजी पार्क में इंडिया गठबंधन की इस मेगा रैली से पहले शिवसेना संस्थापक बालासाहेब ठाकरे को पुष्पांजलि अर्पित की गई थी।

### राहुल ने निकाली संकल्प न्याय यात्रा, बहन प्रियंका गांधी भी हुई शामिल

मणिपुर से 6,700 किलोमीटर की पैदल यात्रा शुरू करने के दो महीने बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज उनके प्रमुख सहयोगियों की उपस्थिति में मुंबई में समाप्त हुई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार सुबह दक्षिण मुंबई में महात्मा गांधी के आवास मणि भवन से "न्याय संकल्प पदयात्रा' निकाली। राहुल की बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी भी कांग्रेस समर्थकों के साथ पैदल मार्च में शामिल हुए। यह मार्च अगस्त क्रांति मैदान तक निकाला गया, जहां 1942 में अंग्रेजों के शासन से भारत की आजादी के संघर्ष के दौरान भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था।

### मोदी की गारंटी चलने वाली नहीं: शरद पवार

एनसीपी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि अब मोदी की गारंटी चलने वाली नहीं हैं। उन्होंने कहा, देश में बदलाव की जरूरत है, जिहोंने देश को फंसाया उन्हें बताना होगा। जिनके हाथ में हुकूमत है उन्होंने कई आश्वासन दिए थे, उन्हें पूरा नहीं किया। हमें मिलकर कदम उठना होगा। मोदी की गारंटी टिकने वाली नहीं। चुनाव आयोग का धन्यवाद कि अब ये (मोदी की गारंटी) नहीं सुनना पड़ेगा। आज भारत की जो स्थिती है उसे बदलना है। हम सबको मिलकर बदलाव लाना है। आज इस शहर में हमें नारा देना है- छोड़ो भाजपा।

### महबूबा मुफ्ती का मोदी सरकार पर हमला



पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने देश के प्रति महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी के बलिदान का जिक्र करते हुए मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी ने पुलवामा पर वोट मांगे। उन्होंने कहा कि कश्मीर में संविधान खत्म है, अपने वोट सही जगह नहीं डाले तो आप (जनता) अपना हक खो देंगे।

## किसान मर्जी से वोट दें, लेकिन न दबाएं नोटा



**सिसौली**। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि लोकसभा चुनाव में किसान अपनी मर्जी से कहीं भी वोट करें। लेकिन नोटा के बटन का प्रयोग न करें। सरकार ताकत के बल पर आंदोलन को दबाने का काम करती है। पुलिस के बल पर किसानों को दबाया जा रहा है। किसानों को हर गांव से ट्रैक्टर आंदोलन शुरू करना होगा। किसान भवन पर आयोजित मासिक पंचायत में टिकैत ने प्रदेश सरकार की ओर से किसानों के बिजली बिल माफ करने की घोषणा को शगूफा बताते हुए कहा कि सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है। बिजली विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा चुनाव आचार संहिता लागू हुई है, कोई कर्फ्यू नहीं लगा है। सरकार किसानों की जमीन छीन रही। शामली जिले के भाज्जू गांव से निकल रहे दिल्ली-देहरादून हाईवे पर किसानों की कट बनवाने की मांग पर उन्होंने कहा कि कट लगने के बाद किसान महंगे दामों पर जमीन बेचना शुरू न करें। किसानों को शपथ पत्र देना होगा कि जमीन नहीं बचेंगे।

### चुनाव आयोग ने सार्वजनिक किया डाटा

# इलेक्टोरल बॉन्ड्स से जुड़ी नई जानकारी अपलोड की

**एजेंसी** | नई दिल्ली




चुनाव आयोग ने लोगों द्वारा खरीदे गए और राजनीतिक दलों की ओर से भुनाए गए चुनावी बॉन्ड से जुड़ी नई जानकारी को सार्वजनिक कर दिया है। ये वो जानकारी जो सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद चुनाव आयोग ने सीलबंद लिफाफे में रजिस्ट्री को सौंपा था। एक दिन पहले यानी शनिवार को रजिस्ट्री ने वो जानकारी चुनाव आयोग को वापस लौटा दी थी। जिसके बाद अब चुनाव आयोग ने उस जानकारी को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। चुनाव आयोग ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के 15 मार्च, 2024 के आदेश को देखते हुए रजिस्ट्री ने डेटा चुनाव आयोग को वापस लौटा दिया है। चुनाव आयोग को यह डेटा डिजिटल फॉर्मेट के साथ-साथ हार्ड कॉपी में भी मिला है। जिसके बाद अब चुनाव आयोग ने पूरी जानकारी को सार्वजनिक कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार चुनावी बॉन्ड से जुड़ी इस नई जानकारी को 17 मार्च शाम 5 बजे तक सार्वजनिक करनी थी। बता दें कि इससे पहले 14 मार्च को चुनाव आयोग ने चुनावी बॉन्ड से जुड़ी एक और जानकारी अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक की थी। इसमें 763 पेज की दो लिस्ट थी, जिसमें एक में बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी थी जबकि दूसरी में बॉन्ड को भुनाने वालों की जानकारी थी।

### किसे कितना मिला चंदा?

पीटीआई के मुताबिक, बीजेपी ने कुल 6986.5 करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड भुनाए हैं। पार्टी को 2019-20 में सबसे ज्यादा 2555 करोड़ रुपए मिले थे। दूसरी ओर कांग्रेस ने चुनावी बॉन्ड के जरिए कुल 1334.35 करोड़ रुपए भुनाए हैं। बीजद ने 944.5 करोड़, वाईएसआर कांग्रेस ने 442.8 करोड़, टीडीपी ने 181.35 करोड़, तृणमूल कांग्रेस को 1397 करोड़, बीआरएस ने 1322 करोड़, सपा को चुनावी बॉण्ड के जरिए 14.05 करोड़, अकाली दल को 7.26 करोड़, अन्नाद्रमुक को 6.05 करोड़, नेशनल कॉन्फ्रेंस को 50 लाख रुपए का चंदा मिला है।

### ठाकरे गुट को 22 सीटें देने का फैसला

# महाराष्ट्र: इंडिया गठबंधन के बीच डील

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी में शामिल राजनीतिक दलों के बीच सीटों की डील पक्की मानी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, महाविकास अघाड़ी के सीट आवंटन में उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना को सबसे ज्यादा सीटें ऑफर की गई हैं।

महाविकास अघाड़ी के सीट शेयरिंग फॉर्मूले में प्रकाश आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन आघाड़ी को शामिल नहीं किया गया है। फिर भी उसे 4 सीट देने पर विचार किया जा रहा है। सीट आवंटन के लिए महाविकास अघाड़ी का फॉर्मूला 22, 16 और 10 है। ठाकरे गुट के लिए 22 सीटें, कांग्रेस के लिए 16 सीटें और एनसीपी शरद पवार गुट के लिए 10 सीटें छोड़ने का फैसला किया गया है। सीट शेयरिंग को लेकर शनिवार को मुंबई में एक अहम बैठक हुई थी।

इसमें एनसीपी पवार गुट के मुखिया शरद पवार, कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल, ठाकरे गुट से संजय राउत और अन्य पार्टी नेता मौजूद थे। उद्धव गुट के नेता ने रविवार को कहा कि हमने सीट बंटवारे से संबंधित छोटी-छोटी बारीकियों को सुलझा लिया है। सूत्रों के मुताबिक, ठाकरे गुट 23 सीटों को लेकर दावा कर रहा था। इसे लेकर संजय राउत ने कई बार अपना रुख जाहिर किया था। लेकिन अब बैठक में ठाकरे गुट को 22 सीटें देने का फैसला किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि ठाकरे समूह अपने पास मौजूद सीटों में से हातकणंगले सीट पर राजू शेट्टी की स्वाभिमानी पार्टी को बिना शर्त समर्थन देगा।

राजू शेट्टी शिवसेना के प्रायोजित उम्मीदवार होंगे।जानकारी सामने आ रही है कि महाविकास अघाड़ी ने वंचित को 4 सीटों का प्रस्ताव दिया है। यह प्रस्ताव अभी भी कायम है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस सांगली सीट पर जोर दे रही थी।

कोल्हापुर और सांगली सीट को लेकर दुविधा थी। कांग्रेस कोल्हापुर की सीट के साथ-साथ सांगली सीट भी मांग रही थी।

---

### चुनावी बॉन्ड और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर उठाए सवाल

# सिब्बल का निशाना...सरकार के इशारों पर काम करता है इलेक्शन कमीशन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में सात चरण का लोकसभा चुनाव इस बात का सबूत है कि चुनाव आयोग सरकार के इशारों पर काम करता है।

सिब्बल ने हाल ही में दो चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर भी सवाल उठाया और कहा कि उन्हें इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया गया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) को भी इसका सदस्य होना चाहिए। "जहां तक देश में लोकसभा चुनाव के सात चरणों का सवाल है, इसकी उम्मीद थी।

वास्तव में जिस तरह से उन्होंने इन दोनों चुनाव आयुक्तों को इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि सीजेआई को भी समिति का सदस्य होना चाहिए।"

जिस तरह से उन्होंने सुप्रीम में चुनौती लंबित होने के बावजूद संविधान पीठ के फैसले को खारिज कर दिया है सिब्बल ने आरोप लगाते हुए कहा कि अदालत और जिस तरह से उन्होंने नियुक्ति को आगे बढ़ाया, उससे पता चलता है कि उनका इरादा वहां अपने लोगों को रखने का था।



### तृणमूल ने जताई चिंता

सिब्बल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में सात चरणों का चुनाव इस बात का सबूत है कि चुनाव आयोग सरकार के इशारों पर काम करता है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होंगे और उसके बाद 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून को चरण होंगे।तीन राज्यों- बिहार, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में सभी सात चरणों में मतदान होगा। तृणमूल कांग्रेस ने चुनिंदा पार्टियों को अनुचित लाभ पर चिंता का हवाला देते हुए, सात चरणों में चुनाव कराने के चुनाव आयोग के फैसले पर निराशा व्यक्त की थी।

### ईडी को लेकर किया कटाक्ष



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रवर्तन निदेशालय की प्रशंसा पर सिब्बल ने कहा कि उन्हें भ्रष्टाचार के प्रति अपनी अटूट निष्ठा के लिए ईडी की प्रशंसा करनी चाहिए। सिब्बल ने कहा, मुझे कहना होगा कि इस सरकार के प्रति ईडी की वफादारी अटूट है और वास्तव में इसकी सराहना की जानी चाहिए।

### अरविंद केजरीवाल और के कविता पर दिया जवाब



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय के समन और बीआरएस नेता के कविता की गिरफ्तारी के बारे में पूछे जाने पर सिब्बल ने कहा कि इस सरकार का पूरा इरादा यह सुनिश्चित करना है कि सभी विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि वे प्रचार नहीं कर सकें। उन्होंने आरोप लगाया, पूरी संवैधानिक मशीनरी को भंग कर दिया गया है और हमारे पास एक ऐसी सरकार की मशीनरी है, जिसने यह सुनिश्चित करने के लिए संवैधानिक प्रावधानों की अवहेलना की है कि वे सत्ता में बने रहें।

## जरूरी खबर

### शाहजहां शेख के भाई और दो को हिरासत में भेजा

**बारासात।** पश्चिम बंगाल की एक स्थानीय अदालत ने रविवार को राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के निलंबित नेता शाहजहां शेख के भाई शेख आलमगीर और दो अन्य को पांच दिनों के लिए सीबीआई की हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि तीनों को ईडी की टीम पर हमले के आरोप में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। उसने बताया कि बशीरहाट उपमंडलीय अदालत ने आलमगीर, सिराजुल मुल्ला और मफीजुल मुल्ला को पांच दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। सीबीआई को संदेह है कि तीनों प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले का हिस्सा थे और जब ईडी की टीम शाहजहां शेख के परिसर पर छापा मारने गई थी तब उन्होंने ही भीड़ को हमले के लिए उकसाया था।

### छत्तीसगढ़ के तीन नक्सली गिरफ्तार, विस्फोटक बरामद

**चाईबासा।** प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) नक्सली संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, चमन कांडे, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन आदि के खिलाफ चल रहे चाईबासा पुलिस, कोबरा, झारखण्ड जगुआर एवं सीआरपीएफ के संयुक्त अभियान में रविवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अभियान के क्रम में रविवार को गोइलकेरा थाना अंतर्गत ग्राम रेला पराल एवं रायरोवा के समीप पंचलताबुरू जंगल क्षेत्र में भ्रमणशील नक्सली दस्ता के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। 303 राइफल, भारी मात्रा में विस्फोटक एवं अन्य सामग्री एक नक्सल कैंप से बरामद की गई।

### अहमदाबाद में विदेशी छात्रों के साथ मारपीट

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद स्थित गुजरात यूनिवर्सिटी में शनिवार देर रात भीड़ ने विदेशी छात्रों के साथ मारपीट की। वहीं, इस मामले पर अब विदेश मंत्रालय बयान दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि अहमदाबाद की गुजरात यूनिवर्सिटी में हिंसा की घटना हुई है। इस पर राज्य सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि हिंसा की इस घटना में दो विदेशी छात्र घायल हुए हैं। अहमदाबाद में गुजरात विश्वविद्यालय के एक छात्रावास परिसर में करीब 20 से 25 लोग घुस गए और वहां पर विदेशी छात्रों के नमाज पढ़ने पर आपत्ति जताई। उन्होंने सभी छात्रों से मस्जिद में नमाज पढ़ने को कहा। हालांकि, इस दौरान छात्रों के साथ लोगों ने बहस की और उन पर हमला कर दिया।

## कृष्ण और राधा के प्रेम में रंगा ब्रज... लाखों श्रद्धालु पहुंचे बरसाना



***मथुरा।** मथुरा के ब्रज में इन दिनों चारों ओर अबीर और गुलाल नजर आ रहा है। लाखों लोग बरसाना की मशहूर होली में शामिल होने के लिए मथुरा पहुंच रहे हैं। रविवार को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार।*

### देश का पहला ऑयल पाम प्रोसेसिंग संयंत्र शुरू



**नई दिल्ली।** मिशन पाम ऑयल के तहत अरुणाचल प्रदेश में देश का पहला ऑयल पाम प्रोसेसिंग संयंत्र शुरू हो गया है। देश की बड़ी ऑयल पाम कंपनियों में से एक 3एफ ऑयल पाम ने इसकी स्थापना की है। यह संयंत्र अरुणाचल प्रदेश की दिबांग घाटी में रोइंग में स्थापित किया गया है। खाद्य तेलों में आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ मार्च को वर्चुअली संयंत्र का उद्घाटन करते हुए इसे परिवर्तनकारी यात्रा की शुरुआत का प्रतीक बताया था। खाद्य तेलों की बढ़ती मांग को देखते हुए पाम ऑयल देश की खाद्य सुरक्षा के लिए काफी महत्वपूर्ण हो गया है।

**भीड़ का दबाव बढ़ने से मंदिर परिसर में रेलिंग टूटी**

# बरसाना में लड्डू मार होली के दौरान भगदड़, महिला की मौत

एजेंसी | मथुरा

बरसाना की लड्डू मार होली के दौरान अचानक हादसा हो गया। भीड़ का दबाव बढ़ने से मंदिर परिसर में रेलिंग टूट गई। हादसे में महिला पुरुष श्रद्धालुओं के घायल होने की जानकारी सामने आई है। एक के ऊपर एक कई श्रद्धालु गिर गए। बताया जाता है चबूतरे से ऊपर लड्डू श्रद्धालुओं की ओर फेंके जा रहे थे। अचानक तभी हादसा हुआ और करीब एक दर्जन श्रद्धालु दबकर घायल हो गए। बरसाना की लड्डू होली में मची भगदड़ में घायल महिला की मौत हो गई है। बरसाना के राधा रानी मंदिर के दर्शन करने भक्त आई थी। बरसाना के लाडली जी मंदिर में रविवार दोपहर राजभोग दर्शन के समय भीड़ बढ़नेसेएक दर्जन श्रद्धालु



गश खाकर गिर गए। उन्हें उपचार कर घर भेजा गया। हालात कुछ नियंत्रण में हुए ही थे कि शाम को लड्डू होली से पहले भीड़ के दबाव में फिर भीड़ बढ़ गई। इसमें दोबारा करीब एक दर्जन श्रद्धालु गश खाकर गिर पड़े। रविवार को लड्डू होली थी। भारी भीड़ का अनुमान था लेकिन इस बार संख्या अनुमान से अधिक हो गई। दोपहर करीब सवा बजे बरसाना के विश्व प्रसिद्ध लाडली जी मंदिर में राजभोग के दर्शन के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई।

#### ये लोग हुए घायल

महिमा शर्मा बुलंदशहर , गुडो शर्मा, सुनीता पानीपत, प्रीति बुलंदशंह, अवनी बुल्दनशहर, रूबी सिंह जनकपुरी नई दिल्ली, जगमोहन सैनी सिविल डिफेंस, अदिति दिल्ली, डॉ पंकज, होमगार्ड प्रेम पाल सिंह, आयुषी दिल्ली, रोहन दिल्ली, नीतू राना, वीरेंद्र राना पलवल, निर्मला रंजन मुंबई रेफर केडी, विराज गुड़गांव, चमन ऊंचागांव, नीरज, दिल्ली, द्रोपति जयपुर, नीरज गुप्ता छतरपुर मध्यप्रदेश।

#### भ्रमिक घटनाओं पर ध्यान ना दें: SSP

बरसाना की लड्डू मार होली में हुए हादसे के बारे में एसएसपी मथुरा शैलेश कुमार पांडेय का एक बयान जारी हुआ है। एसएसपी मथुरा का कहना है कि लड्डू होली के दौरान कोई भी हादसा नहीं हुआ है। हादसा होने की खबर भ्रमिक है, इस पर कोई भी ध्यान ना दें। एसएसपी घटना को लेकर लीपापोती करते हुए नजर आए। पुलिस की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।लाड़लीजी मंदिर में लड्डू होली मनाई गई। इसको देखने के लिए लाखों श्रद्धालु बरसाना पहुंचे। पांडे द्वारा कई टन लड्डु लुटाए गए। लड्डू प्रसाद को पाने के लिए श्रद्धालुओं ने जमकर इन्हें लूटा।

**भारत ने बताया बेतुका कृत्य**

## अब चीनी सेना ने अरुणाचल को बताया अभिन्न भाग

एजेंसी | नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश के संबंध में अब चीन की सेना के बिगड़े बोल सामने आए हैं। उसने अरुणाचल प्रदेश को चीन का परंपरागत (अभिन्न) हिस्सा बताया है। चीनी सेना की यह प्रतिक्रिया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर चीन की आपत्ति को नकार दिए जाने के बाद आई है। प्रधानमंत्री मोदी इसी महीने चीन की सीमा तक जाने वाली सेला टनल के उद्घाटन के लिए अरुणाचल प्रदेश गए थे। सीनियर कर्नल झांग शियाओगांग ने कहा कि शिजांग का दक्षिणी भाग चीन का परंपरागत हिस्सा है। बीजिंग इस तथ्य को कभी नहीं भूल सकता है और अरुणाचल प्रदेश का नाम देकर उस भूभाग पर किए जा रहे कार्यों का कड़ा विरोध करता है। सेला टनल और वास्तविक नियंत्रण रेखा के नजदीक भारत द्वारा आधारभूत ढांचा विकसित किए जाने की बाबत कही है।

#### भारत ने बताया बेतुका कृत्य

भारत सरकार के किसी प्रमुख व्यक्ति या अन्य प्रभावशाली व्यक्ति के अरुणाचल प्रदेश जाने और वहां की हर बड़ी परियोजना का चीन ने विरोध करने की आदत बना ली है। अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का चीन ने मंदारिन भाषा में नामकरण भी कर रखा है। लेकिन भारत हमेशा से चीन के दावे को खारिज करता रहा है और चीन द्वारा किए गए नामकरण को भी बेतुका कृत्य बताया है।

**भारत का अभिन्न हिस्सा :** भारत ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश देश का अभिन्न हिस्सा है। प्रधानमंत्री नौ मार्च को अरुणाचल प्रदेश गए थे और वहां पर उन्होंने 825 करोड़ रुपए से बनी सेला टनल का उद्घाटन किया था।

**बॉर्डर से हटने के मूड में नहीं किसान संगठन**

## कोड ऑफ कंडक्ट हमें अपनी आवाज उठाने से नहीं रोक सकता: डल्लेवाल

■ अब मंडी डबवाली बॉर्डर पर भी किसानों का जुटना शुरू

एजेंसी | चंडीगढ़

देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसी के साथ तय है कि अब अगली सरकार का गठबंधन 14 जून के करीब ही होगा। देश आचार संहिता लागू होने के बावजूद किसान संगठन बॉर्डर से अपना धरना हटाने के मूड में नहीं दिखाई दे रहे है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का कहना कि चाहे कोड ऑफ कंडक्ट लग गया है लेकिन किसी को भी अपनी मांगों के प्रति आवाज उठाने से रोक नहीं जा सकता। ऐसे में मौजूदा किसान आंदोलन नई सरकार बनने तक चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि शंभू और खनौरी बॉर्डर पर जहां मौजूद किसान बने रहेंगे। वहीं, अब मंडी डबवाली बॉर्डर पर भी किसान जुटने शुरू हो गए हैं। डल्लेवाल का यह भी कहना है कि उन्हें विभिन्न सरकारी कर्मचारी संगठनों ने भी उनका सहयोग देने की बात की है और वह आगे आ रहे हैं। किसान नेता ने कहा कि आंदोलन में शामिल किसान नेताओं को अलगाववादी कहने वाले राजनीतिक दलों के नेताओं की आलोचना की। उनका कहना है कि यह समाज में फूट डालने जैसा है।

इसके साथ ही डल्लेवाल का कहना है कि मौजूदा किसान आंदोलन को बनाए रखने के लिए विभिन्न संगठनों से मीटिंग करके ही इस बारे में तय किया गया है कि आंदोलन जारी रहेगा।

**नौसेना ने समुद्री लुटेरों के चगुंल से कई देशों के नागरिकों को छुड़ाया**

## बुल्गारिया ने भारत को कहा शुक्रिया... एस जयशंकर बोले- ये दोस्ती का फर्ज

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय नौसेना सिर्फ भारतीयों के लिए ही फरिश्ता बनकर उन्हें कहीं से भी बचाने का काम नहीं करते बल्कि उनकी नजरों में जिसे भी मदद की जरूरत हो भारतीय नौसेना वहां मौजूद होती है। कुछ ऐसा ही नजारा पिछले कई महीनों से देखने को मिल रहा है। जहां अरब सागर में कई समुद्री लुटेरों से लोगों को भारतीय नौसेना ने बचाया है। पिछले शनिवार भी





अरब सागर में डाकुओं ने एक बार फिर आतंक मचाया तो भारतीय नौसेना लोगों के लिए दूत बनकर पहुंची। हिंद महासागर में भारतीय नौसेना का शौर्य एक बार फिर दिखा। भारतीय तट से लगभग 2,600 किमी दूर करीब 40 घंटे तक चलाए गए आपरेशन के दौरान उसने न केवल पूर्व माल्टीज ध्वज वाले अपहृत व्यापारिक जहाज एमवी रुएन के चालक दल के 17 सदस्यों को सुरक्षित रिहा कराया बल्कि 35 सोमालियाई समुद्री लुटेरों को भी पकड़ लिया। इस ऑपरेशन में बचाए गए 17 सदस्यों में से कुछ बुल्गारिया के भी लोग थे जिसको भारत ने बचाया। इसके बाद बुल्गारिया ने भारत का धन्यवाद किया है।

**ईडी ने दिल्ली के सीएम को जारी किया 9वां समन**

# AAP का दावा, चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करने की कोशिश

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ ईडी ने एक नया मामला खोल दिया है। आम आदमी पार्टी ने इस बारे में जानकारी दी है। इस मामले पर आप नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें उन्होंने कहा कि केजरीवाल को ईडी ने एक और मामले समन भेजा।

अरविंद केजरीवाल को फर्जी मामले में तलब किया गया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने एक साथ दो मामलों में समन भेजे हैं। पहला दिल्ली शराब नीति मामले में 9वां समन भेजा और दूसरा दिल्ली जल बोर्ड मामले में पहला समन भेजा गया है। ईडी ने केजरीवाल को जल बोर्ड वाले में मामले में 18 मार्च और शराब घोटाला मामले में 21 मार्च को बुलाया है।

आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी के मुताबिक दोनों समन लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के तीन घंटे बाद भेजे गए। मंत्री आतिशी ने कहा हम ईडी द्वारा दर्ज मामले से अनजान हैं। समन में डिटेल नहीं है।

अरविंद केजरीवाल को इस फर्जी मामले में तलब किया गया है। भाजपा किसी न किसी



तरह से केजरीवाल को जेल में डालना चाहती है, ताकि वे अपने प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार न कर सकें। आप नेता और दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा, अरविंद केजरीवाल शनिवार को कोर्ट गए थे। उन्होंने उन सभी बीजेपी नेताओं को जवाब दिया है अरविंद केजरीवाल कोर्ट और ईडी से भाग रहे हैं। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने उनका (भाजपा नेताओं) मुंह बंद कर दिया है।

#### ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स पीएम के गुंडे

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने कहा कि ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स पीएम के गुंडे बनकर रह गए हैं। मोदी अपने गुंडों के माध्यम से चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहे हैं। आतिशी ने कहा, दिल्ली जल बोर्ड के इस मामले के बारे में कोई नहीं जानता। ये समन इसलिए भेजा जा रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी को शक होने लगा है कि क्या वे एक्साइज मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर पाएंगे। अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के लिए एक बैकअप प्लान की शुरूआत की जा रही है। बता दें कि शराब नीति घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। राउज एवेन्यू कोर्ट से सीएम को जमानत मिल गई। कोर्ट ने केजरीवाल की जमानत अर्जी को मंजूर करते हुए 15 हजार रुपये के मुचलके और एक लाख के सिक्योरिटी बांड पर बेल दी।

#### केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई दुर्भाग्यपूर्ण: सुप्रिया सुले

पुणे (महाराष्ट्र)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नौवां समन जारी करने के बाद, एनसीपी-एससीपी नेता और सांसद सुप्रिया सुले ने रविवार को कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रतिशोध की राजनीति ने भारत पर कब्जा कर लिया है। सुप्रिया सुले ने कहा, “उन्हें कल ही अदालत से राहत मिल गई थी, लेकिन उन्हें एक बार फिर से समन जारी किया गया है। देश में प्रतिशोध की राजनीति चल रही है। स्वतंत्र लोकतंत्र का मतलब यह नहीं है। दुर्भाग्य से, अगर आप आज भारत को देखते हैं, तो जिस तरह से लोगों के खिलाफ एजेंसियों का इस्तेमाल किया जाता है। वह बहुत निराशाजनक है।

## अजय देवगन और आर. माधवन की फिल्म 100 करोड़ के क्लब में एंटर

# बॉक्स ऑफिस पर चला ‘काला जादू’ ‘योद्धा’ को खाने की तैयारी में ‘शैतान’

**शिवराज गुर्जर. जयपुर।** अजय देवगन और आर माधवन स्टारर फिल्म शैतान बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई कर रही है। रिलीज के दसवें दिन रविवार को यह मूवी सौ करोड़ के क्लब में एंटर हो गई। दो वीक पहले रिलीज हुई यामी गौतम की फिल्म आर्टिकल 370 को कमाई के मामले में पांच दिन में ही पीछे छोड़ देने के बाद अब इसकी नजर तीन दिन पहले शुक्रवार को रिलीज हुई योद्धा पर है। नई रिलीज के बावजूद जिस तरह से योद्धा की कमाई शैतान के सामने बहुत कम रही, उससे लग रहा है कि इसके ‘काले जादू’ के प्रभाव में सिद्धार्थ मल्होत्रा की मूवी को बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा चलने नहीं देगी।





### ओपनिंग डे से ही हुई हावी

योद्धा ने ओपनिंग डे पर 4 करोड़ 25 लाख रुपए का भारत में नेट कलेक्शन किया, जबकि शैतान ने सैकंड फ्राइडे पर भी इससे ज्यादा 5 करोड़ 12 लाख रुपए की कमाई की। शनिवार को योद्धा की कमाई 6 करोड़ एक लाख रुपए ही रही और शैतान की 9 करोड़ 12 लाख रुपए रही। बात करें तीसरे दिन यानी कि रविवार को तो सेकनिल्क के अनुसार योद्धा का कलेक्शन 5 करोड़ 93 लाख रुपए (प्रीडिक्शन) और शैतान का 8 करोड़ 49 लाख रुपए (प्रीडिक्शन) रहा।


### फर्स्ट वीक एंड भी तीन गुना ज्यादा

फर्स्ट वीक एंड पर भी कलेक्शन के मामले में भी शैतान योद्धा से बहुत आगे है। इसकी तीन दिन की कुल कमाई तीन गुना से भी ज्यादा रही। आंकड़ों में देखें तो योद्धा की तीन दिन की कमाई क्रमश 4 करोड़ 25 लाख, 6 करोड़ एक लाख और 5 करोड़ 93 लाख रुपए (सेकनिल्क का प्रीडिक्शन) के साथ कुल 16 करोड़ 19 लाख रही। बात करें शैतान की तो पहले तीन दिन का कलेक्शन क्रमश: 51 करोड़ 21 लाख, 19 करोड़ 18 लाख और 20 करोड़ 74 करोड़ रुपए के साथ कुल 55 करोड़ 13 लाख रुपए रहा।

### एक के साथ एक टिकट फ्री से भी नहीं मिला ज्यादा फायदा

योद्धा के मेकर्स के मेकर्स ने शैतान की बॉक्स ऑफिस पर पकड़ को हिलाने के लिए बाई वन गेट वन टिकट का फॉर्मूला लेकर आए, लेकिन छुट्टी का दिन होने के बावजूद यह ज्यादा काम नहीं कर पाया। कमाई पहले दिन के मुकाबले दूसरे दिन 4 करोड़ 25 लाख से 6 करोड़ एक लाख (तरण आदर्श के अनुसार) पर ही पहुंची। संडे को पूरी तरह से वीक डे होने के कारण मूवी की कमाई में उछाल आ सकता है। कमाई की सही दिशा का पता मंडे से ही चल पाएगा।

## आर्यन खान की वेब सीरीज में हीरो होंगे लॉर्ड बॉबी देओल



**बेधड़क. जयपुर।** एनिमल के बाद बॉबी देओल की बॉलीवुड में डिमांड बढ़ गई है। उन्हें नए-नए कैरेक्टर ऑफर हो रहे हैं। नयी खबर यह है कि बॉबी शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की वेब सीरीज ‘स्टारडम’ में लीड रोल में दिखाई देंगे। इस वेबसीरीज से आर्यन डायरेक्शन में डेब्यू करने जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार स्टारडम में बॉबी एक सफल सुपरस्टार की भूमिका निभाएंगे। उनका किरदार सुपर फैंसी है। शो में उनका स्टारडम जीवन से भी बड़ा दिखाया गया है। उनके चरित्र में बहुत सारा ड्रामा शामिल है। कहा जा रहा है कि बॉबी को पहले कभी तरह के रोल में नहीं देखा गया है। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। गौरतलब है कि पिछले साल आर्यन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर डाली थी, जिसमें उनकी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट स्क्रिप्ट थी। फोटो शेयर करते हुए उन्होंने बताया था कि उन्होंने अपना लेखन समेट लिया है। यह बेव सीरीज में उनकी शुरुआत है।

## चुनाव की वजह से टल सकती है ‘कल्कि’ की रिलीज डेट




**बेधड़क. जयपुर।** रिबेल स्टार की अपकमिंग साइफाई फिल्म कल्कि 2898 एडी की रिलीज डेट एक बार फिर बदल सकती है। इसके पीछे वजह लोकसभा चुनाव को माना जा रहा है। दरअसल इस मूवी की प्रस्तावित रिलीज डेट 9 मई है और 11 मई से आम चुनाव 2024 का ऐलान हो चुका है। एंटरटेनमेंट वर्ल्ड में चल रहीं खबरों की मानें तो मेकर्स अपनी इस फिल्म पर इलेक्शन कैंपेन का असर नहीं पड़ने देना चाहते। इसी वजह से आनन-फानन में एक मीटिंग बुलाई है, जिसमें ‘कल्कि 2898 एडी’ की अगली संभावित रिलीज डेट को लेकर चर्चा की जा रही है। पहले ये मूवी इसी साल संक्रांति पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन पोस्ट प्रोडक्शन वर्क में देरी की वजह से मई महीने तक के लिए टाल दिया गया। यह मूवी अब 9 मई रिलीज होनी थी। गौरतलब है कि ‘कल्कि 2898 एडी’ को ‘एवेंजर्स’ की तर्ज पर बनाया गया है। यह एक सुपरहीरो बेस्ड मूवी है, जिसमें प्रभास के साथ दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन नजर आएंगे।

## City इवेंट्स

### सर्वाइकल कैंसर पर हुई चर्चा



**बेधड़क. जयपुर।** वी दा वुमन ऑफ राजस्थान और पर्लकॉन कंसलटेंट्स और इंडस हॉस्पिटल ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में एक जागरुकता शिविर का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश लोगों को सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूक करना था। इसमें बताया गया कि सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय ग्रीवा (गर्भाशय के निचले हिस्से) में विकसित होता है। अधिकांश सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पेपिलोमावायरस संक्रमण के कारण होता है, जो यौन संपर्क के दौरान फैलता है। इस कार्यक्रम में डॉ. रितु चौधरी ग्रुप सीईओ इंडस जयपुर हॉस्पिटल डॉ. प्रीति अरोड़ा उपस्थित रहीं।

### मडगांव एक्सप्रेस को यूए सर्टिफिकेट

**बेधड़क. जयपुर।** निर्माता रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी अपकमिंग फिल्म ‘मडगांव एक्सप्रेस’ को सेंसर बोर्ड से पास हो गई है। इसे यूए सर्टिफिकेट मिला है, यानी कि इसे पैरेंट्स की देखरेख में बच्चे भी देख सकते हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म से एक्टर कुणाल खेमू डायरेक्शन में कदम रखने जा रहे है। यह एक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म की ड्यूरेशन 144 मिनट 56 सैकंड यानी कि 2 घंटे चौबीस मिनिट की है। यह फिल्म 22 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। इसमें दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी, नूरा फतेही, उपेंद्र लिमाएऔर छाया कदम मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। अब इसकी स्टारकास्ट से जुड़ा एक नए अपडेट सामने आया है, जिसके अनुसार इस मूवी में फुकरे की कास्ट का भी कैमियो होने वाला है। सूत्रों के अनुसार मूवी में पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा का दिलचस्प कैमियो हो सकता है।

### आचार्य सुनील सागर का पद विहार



**बेधड़क. जयपुर।** आचार्य सुनील सागर मुनिराज सहित छत्तीस साधु, साध्वियों का नई दिल्ली से चलकर मथुरा में पंच कल्याणक प्रतिष्ठापन एवं श्रीमहावीरजी में दर्शन करते जयपुर की ओर लगभग 500 किमी का पद विहार जारी है। श्रीमहावीर जी से पद विहार की व्यवस्था दिगंबर जैन मुनि संघ प्रबंध समिति जयपुर के मंत्री ओम प्रकाश काला (मामा ) एवं मंत्री मुकेश जैन कोषाध्यक्ष की अगुवाई में जारी है। रविवार को पद विहार में मुनि संघ प्रबंध समिति, धर्म जागृति संस्थान राजस्थान प्रांत, अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर सहित अन्य संस्थाओं ने नादौती से गुढ़ा चंद्र जी तक विहार में आचार्य सुनील सागर मुनिराज के संघ का सान्निध्य प्राप्त किया। जयपुर वासियों को आचार्य संघ द्वारा वैशाली नगर जयपुर में 27 से आयोजित पंच कल्याणक महोत्सव का पावन सान्निध्य प्राप्त होगा।

## उपन्यास ‘हमनवाई न थी’ का हुआ विमोचन

# स्त्री प्रेम में एक उपन्यास होना चाहती है... पुरुष बस कहानी



**बेधड़क | जयपुर**

डॉ. राधाकृष्णन पुस्तकालय में प्रगतिशील लेखक संघ की ओर से तसनीम खान के उपन्यास ‘हमनवाई न थी’ का विमोचन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार मनीषा कुलश्रेष्ठ ने कहा कि स्त्री प्रेम में एक उपन्यास होना चाहती है, पुरुष बस एक कहानी। तसनीम खान का उपन्यास इस बात की बारहा याद दिलाता रहा है। सनम, शिवेन और रवीश इसके पात्र नहीं, हमारे समय की प्रवृत्तियां हैं। लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप इस समय की विवशता है, जहां हर कोई अपनी जड़ों तक महदूद नहीं रहता। उन्होंने कहा कि तसनीम कहानियों में शिल्प और ढांचे को लेकर सहज और मौलिक रहती हैं। उपन्यास में उन्होंने शिल्प को कथानक के तरल में बहने दिया है। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हेतु भारद्वाज ने कहा कि तसनीम खान ने प्रेम के बहाने जीवन के द्वन्द को रचा है। इस कहानी में संबंधों के निर्वाह की समस्या है। तसनीम की सबसे बड़ी सफलता यही है कि उसने जिंदगी के छोर को नहीं छोड़ा है। उसने समय की नब्ज को पकड़ा है। वरिष्ठ आलोचक राजाराम भादू का कहना था कि तसनीम के पास दृश्यों को रचने की एक समृद्ध भाषा है। कथाकार चरण सिंह पथिक ने कहा कि तसनीम का उपन्यास आंतरिकता में लिपटी हुई एक प्रेम कहानी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय अनुरागी ने किया।

## चिल्ड्रन लिटरेचर फेस्टिवल के पोस्टर का विमोचन

# बच्चों को किताबों और साहित्य से अनूठे ढंग से जोड़ेगा बुकरू



**बेधड़क | जयपुर**

बच्चों की दुनिया अनोखी होती है। नौनिहालों के मन के कोरे कैनवास पर रचनात्मक रंगों से कलात्मक विधाओं के चित्र उकेरे जा सकते हैं, इससे ही तैयार होंगे भविष्य के कलाकार। अनूठे ढंग से बच्चों को किताबों और साहित्य से जोड़ने के लिए जवाहर कला केन्द्र की ओर से 30 से 31 मार्च को दो दिवसीय बुकरू चिल्ड्रन लिटरेचर फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा है। कला, साहित्य, संस्कृति, पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बुकरू के पोस्टर का विमोचन किया। इस दौरान जवाहर कला केन्द्र की अति. महानिदेशक प्रियंका जोधावत और वरिष्ठ लेखाधिकारी चेतन कुमार शर्मा भी मौजूद रहे। बुकरू विश्वपटल पर अपनी छाप छोड़ चुका है। बुकरू ने 2017 में लंदन बुक फेयर के नेशनल एक्सीलेंसी अवॉर्ड्स में लिटरेरी फेस्टिवल अवॉर्ड अपने नाम किया है। फेस्टिवल में 27 वक्ता 50 से अधिक सत्रों में बच्चों से रूबरू होंगे। इस बार वर्कशॉप, स्टोरी टेलिंग, नाटक और क्राफ्ट से जुड़े सेशंस होंगे। बच्चों के साथ-साथ पेरेंट्स को भी विशेषज्ञों से मुखातिब होने का अवसर मिलेगा। इस दौरान अलग-अलग विषय पर आधारित मशहूर लेखकों की किताबें भी उपलब्ध रहेंगी। गौरतबल है कि यह बुकरू का चौथा संस्करण जवाहर कला केन्द्र में होने जा रहा है।

**करणी कथा** समापन के दौरान फागोत्सव मनाया, आनंदित होकर नाचे भक्त

# मां करणी के विवाहोत्सव में बांटा मेहंदी और बिंदी का प्रसाद

**बेधड़क | जयपुर**

करणी कथा में रविवार को मां करणी का विवाहोत्सव मनाया गया। इस दौरान मां के प्रसाद के रूप में मेहंदी और बिंदी बांटी गई। कथा समापन पर फागोत्सव मनाया गया, जिसमें भक्त आनंदित होकर नाचे। करणी कथावाचक डॉक्टर करनी प्रताप ने मां करणी के विवाह की कथा सुनाई और कथा पंडाल में भक्त किन्नू बन्ना के भजनों पर झूमे। कथा में मां करणी ने अपने पति देपा जी को सिंह पर बैठाकर अपना दुर्गा रूप दिखाया और अपनी छोटी बहन गुलाब बाई से उनका विवाह करवाया। मां के प्रसाद में मेहंदी और बिंदी बांटी गई व भक्तों ने आनंदित होकर नृत्य किया। सोमवार को कथा समापन के दौरान फागोत्सव मनाया जाएगा।





**250 से अधिक भक्तों की नेत्र जांच:** कथा पांडाल में शताक्षी नेत्र सेवा संस्थान के तत्वावधान में नेत्र कैम्प का आयोजन हुआ, जिसके 250 से अधिक भक्तों ने नेत्र जांच करवाई। कैम्प में वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. निर्मल मुद्गल, डॉ. रोहिणी शर्मा सहित डॉ. गिरिजा चारण भक्तों की नेत्रों की जांच की। कथा पण्डाल में 205 चश्मों का भी वितरण किया गया। साथ ही 37 भक्तों के ऑपरेशन शताक्षी आई हॉस्पिटल जयपुर में किए जाएंगे। जहां ऑपरेशन के साथ साथ भक्तों के रहने और भोजन की व्यवस्था भी निःशुल्क रहेगी।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 18 मार्च, 2024




एक आदमी के चरित्र को उन विशेषणों से सीखा जा सकता है, जो वह आदतन बातचीत में उपयोग करता है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

# अफगानिस्तान में TTP के 6000 आतंकी मौजूद



**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के एक शीर्ष अधिकारी ने दावा किया है कि खूंखार आतंकी संगठन टीटीपी के पांच से छह हजार आतंकी अफगानिस्तान में मौजूद हैं। ये दावा किया है अफगानिस्तान में पाकिस्तान के राजदूत आसिफ दुर्रानी ने। इस्लामाबाद में एक थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में दुर्रानी ने कहा कि अगर हम आतंकियों के परिवारों को भी मिला दें तो यह आंकड़ा 70 हजार से भी ज्यादा है। दुर्रानी ने कहा कि पाकिस्तान और टीटीपी के बीच शांति वार्ता की कई कोशिशें असफल हो चुकी हैं। टीटीपी के आतंकी न तो आत्मसमर्पण करने के लिए तैयार हैं और ना ही वे पाकिस्तान के संविधान को मानने को तैयार हैं। दुर्रानी ने आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि कोई और उन्हें पैसे दे रहा है क्योंकि अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार तो इतनी बड़ी संख्या में लोगों को रोजाना के खर्चे उठाने में सक्षम नहीं है। पाकिस्तानी राजदूत ने कहा कि टीटीपी के आतंकी अपने घृणित अपराधों के लिए कानून का सामना करने के लिए भी तैयार नहीं हैं।

**'पाकिस्तान के लिए खतरा है टीटीपी'**

आसिफ दुर्रानी ने चिंता जताते हुए कहा कि टीटीपी, पाकिस्तान के लिए खतरा है और पाकिस्तान की सरकार ने काबुल की सरकार से साफ कह दिया है कि टीटीपी के आतंकियों को आत्मसमर्पण करना होगा और हथियार छोड़ने होंगे। पाकिस्तानी राजदूत का टीटीपी को लेकर बयान ऐसे वक्त आया है, जब एक आतंकी हमले में पाकिस्तानी सेना के सात जवानों की मौत हो गई थी। उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली इलाके में छह आतंकियों ने सेना की पोस्ट पर हमला किया, जिसमें पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल और कैप्टन समेत सात जवानों की मौत हो गई। पाकिस्तान और टीटीपी के बीच साल 2022 में युद्धविराम खत्म हुआ था और उसके बाद से टीटीपी लगातार पाकिस्तानी सेना पर हमले कर रहा है। पाकिस्तानी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2023 में पाकिस्तान में 789 आतंकी घटनाओं में 1,524 लोगों की जान गई। यह बीते छह वर्षों में सबसे ज्यादा आंकड़े हैं।

## पाकिस्तानी राजदूत बोले- वो सरेंडर करने को तैयार नहीं



## बह रहा आग का दरिया... धरती में बनी 3 KM दरार

# आइसलैंड में फटा ज्वालामुखी



**शहर की रक्षा दीवारों तक पहुंचा लावा**

आइसलैंड की सिविल डिफेंस सर्विस के अनुसार, विस्फोट शनिवार को स्थानीय समयानुसार शाम को 8 बजे ग्रिंडविक के उत्तर में होगाफेल और स्टोरा-स्कॉगफेल के बीच हुआ था। ये वही जगह हैं, जहां पर 8 फरवरी को विस्फोट हुआ था। विस्फोट के जो फुटेज सामने आ रहे हैं, उसमें धुएं के बादल और चमकता और उबलता हुआ मैग्मा धरती के अंदर से निकलता दिखाई दे रहा है।

**एजेंसी** | रेजेविक

आइसलैंड के रेजेंस प्रायद्वीप में एक बड़े ज्वालामुखी विस्फोट के बाद देश के दक्षिणी हिस्से में आपातकाल लागू कर दिया गया है। इसे इलाके का सबसे बड़ा ज्वालामुखी विस्फोट बताया जा रहा है। ज्वालामुखी का लावा बहकर ग्रिंडाविक शहर तक पहुंच गया है। लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर ब्लू लैगून और ग्रिंडाविक शहर को खाली करा लिया गया है। दिसंबर के बाद इस रेजेंस प्रायद्वीप में ज्वालामुखी विस्फोट की ये चौथी घटना है। इसके पहले 8 फरवरी को भी यहां ज्वालामुखी फट पड़ा था। आइसलैंड का हवाई क्षेत्र अभी खुला हुआ है, लेकिन लावा से निकल रहा धुआं इसमें भर रहा है।

## राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू का सुरक्षा बलों को मजबूत करने पर फोकस

# हिंद महासागर में ड्रोन तैनात करेगा मालदीव

**एजेंसी** | माले

मालदीव और भारत के बीच राजनयिक स्तर पर तनाव बढ़ता दिख रहा है। एक तरफ मालदीव से भारतीय सेना का एक हेलिकॉप्टर जवानों को लेकर भारत लौटा है तो इसके तुरंत बाद मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा है कि 'मालदीव कोई छोटा देश नहीं है।' एक समारोह में मुइज्जू ने घोषणा की है कि 'देश की सुरक्षा के लिए हिंद महासागर में पहला ड्रोन तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही सुरक्षा बलों को मजबूत बनाने पर जोर दिया जाएगा। समारोह में एमएनडीएफ एयर कॉर्प्स और ड्रोन का शुभारंभ किया गया था। इस दौरान मुइज्जू ने मालदीव के सैन्य बलों को मजबूत करने की घोषणा की।



मुइज्जू ने ऐलान किया कि उनकी सरकार कोस्ट गार्ड्स की संख्या को दोगुना करने के साथ हवाई ताकत को भी बढ़ाएगी। चीन को समर्थन देने वाले मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू लगातार भारत विरोधी बयान दे रहे हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि 10 मई के बाद कोई भी भारतीय सैनिक उनके देश के अंदर मौजूद नहीं होगा।

## पूर्व पीएम इमरान खान का दावा... देशद्रोह का केस चलाने की मांग

**'पाकिस्तान में जनादेश की चोरी कर बनी सरकार'**

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने फरवरी में हुए आम चुनाव में कथित तौर पर जनादेश चुराने वाले अधिकारियों के खिलाफ देशद्रोह की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है। खान की यह टिप्पणी तब आई जब उन्होंने अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात की। इस मामले में इमरान के अलावा उनकी पत्नी बुशरा बीबी, सहयोगी फराह गोगी और दिग्गज कारोबारी मलिक रियाज भी शामिल है। पीटीआई ने 90 से अधिक सीट जीती थीं, लेकिन नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन और पीपीपी ने चुनाव के बाद समझौता किया और देश में गठबंधन की सरकार बनाई।

**ट्रंप की धमकी...**

# चुनाव नहीं जीता तो होगा खूनखराबा

**एजेंसी** | वाशिंगटन

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर नवंबर में होने वाले चुनावों में उनकी जीत नहीं होती है तो देश में खून खराबा होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, ओहायो के डेटॉन में एक रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि अबकी बार, अगर मैं चुना नहीं जाता हूं तो ये कम से कम सभी के लिए खून में खूनखराबा (ब्लडबाथ) होगा। कम से कम ये होने जा रहा है। पूरे देश के लिए ये रक्तपात होने जा रहा है। उन्होंने कहा, अगर ये चुनाव नहीं जीता गया तो मुझे भरोसा नहीं है कि आप आगे कोई और चुनाव देख सकेंगे।

हालांकि, ट्रंप के खूनखराबा वाले बयान का क्या मतलब है, ये साफ नहीं हो पाया है। ट्रंप ने जब ये बात कही, उस समय वे ऑटोमाबाइल सेक्टर में आ रही दिक्कतों के बारे में बात कर रहे थे। इस दौरान ट्रंप ने चीन की मेक्सिको में कार बनाने और उसे अमेरिका की भावी योजना की आलोचना की और कहा कि अगर मैं जीत गया तो चीन एक भी कार अमेरिका में नहीं बेच सकेगा।



**क्या है 6 जनवरी की घटना?**

साल 2021 में डोनाल्ड ट्रंप चुनाव हार गए थे। तब लोगों की भीड़ कैपिटल हिल (अमेरिकी संसद परिसर) में जबरन घुस गई थी। हिंसा में 10 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। वहीं, भीड़ में शामिल 9 लोगों की जान गई थी।

**जो बाइडेन ने की आलोचना**

खूनी स्नान वाला ट्रंप का बयान सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की प्रचार टीम ने एक बयान जारी कर ट्रंप की आलोचना की। इसमें उन्हें 2020 का हारा हुआ बताया गया जिसने अपनी धमकियों को दोगुना कर दिया है। बयान में कैपिटल हिंसा का संक्षिप्त जिक्र करते हुए कहा गया है कि वह (ट्रंप) एक और '6 जनवरी' चाहते हैं, लेकिन अमेरिकी लोग उन्हें इस नवंबर में एक और चुनावी हार देने जा रहे हैं। लोग उनके उग्रवाद, हिंसा से प्यार और बदला लेने की उनकी प्यास को अस्वीकार करते हैं।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl